वर्ष- 22 अंक - 13 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट


निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 25 जून 2026

# 126 साल में सबसे बड़ा भूकंप

## इमरजेंसी घोषित





## 10000 से ज्यादा मरे

### धरती फटी, दर्जनों इमारतें ध्वस्त, मलबे में दबे सैकड़ों लोग, एयरपोर्ट भी तबाह

**काराकास ● एजेंसी**

वेनेजुएला में राजधानी काराकास सहित कई शहरों में कल रात को भूकंप के दो तगड़े झटके आए जिससे भारी तबाही हुई। 7.2 और 7.5 की तीव्रता के इन भूकंप के झटकों से दर्जनों बड़ी-बड़ी इमारतें ढह गईं। सैकड़ों लोग मलबे में दब गए। 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग घायल हो गए। 126 साल में यह सबसे बड़ा भूकंप बताया जा रहा है। इस भूकंप से एयरपोर्ट भी तबाह हो गया। इस बड़ी आपदा को देखते हुए वेनेजुएला में आपातकाल का ऐलान किया गया है। भूकंप के झटकों से धरती भी फट गई। तबाही और धूल के गुबार के बीच लोग जान बचाकर भागते नजर आए। कई लोग अपने पालतू जानवरों को भी लेकर भागते दिखे। सड़क पर ही घायलों का इलाज करते देखा गया। इमारतें गिरने से सड़कों पर मलबा ही मलबा फैल गया। काराकास में 22 मंजिला इमारत भी ढह गई। इस इमारत में बड़ी तादाद में लोग दबे हुए हैं।

भूकंप के झटकों के कारण 1,700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन जैसे शहरों में भी इमारतों को खाली कराना पड़ा। पड़ोसी देश कोलंबिया की राजधानी बोगोटा तक भूकंप का झटका महसूस किया गया। ला ग्वायरा, वालेंसिया और अन्य शहरों में भी इमारतों, होटलों और सरकारी परिसरों को भारी नुकसान पहुंचा है। वेनेजुएला के बाद जापान में भी 6.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया।

## न्यूज ब्रीफ...

### अरुणाचल में कई घर तबाह

**ईटानगर.एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के केयी पानयोर इलाके में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड से करीब 18 घर तबाह हो गए। एक महिला की मौत हो गई, 17 लोग घायल हो गए। उधर महाराष्ट्र के रायगढ़ में भारी बारिश के कारण बांध में दरार आ गई। संभाजी नगर में बादल फटने जैसे हालात पैदा हो गए।

### राम मंदिर को उड़ाने की साजिश, एक और आतंकी गिरफ्तार

**सहारनपुर.एजेंसी।** राम मंदिर को बम से उड़ाने की साज़िश में तीसरा आतंकी भी गिरफ्तार किया गया है। सहारनपुर के सुहैल को कर्नाटक के दावणगेरे से एनआईए और एटीएस ने उठा लिया। सुहैल के मोबाइल से पाकिस्तान के नंबर, संदिग्ध व्हाट्सऐप ग्रुप, हथियारों के साथ फोटो भी मिले हैं।

### मानसून सत्र तक टल सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले मंत्रिमंडल विस्तार में देरी की संभावना है। माना जा रहा कि इसके लिए सरकार मानसून सत्र खत्म होने तक इंतजार करेगी। फिलहाल सरकार की निगाहें संविधान संशोधन विधेयक के लिए दो तिहाई बहुमत जुटाने और तृणमूल कांग्रेस समेत कुछ दलों में हुई टूट के किसी निष्कर्ष पर पहुंचने पर है।






# पार्षद और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

## झुलसे लोगों का हो रहा अस्पताल में इलाज, वहीं पर बैनर हाथ में लेकर किया प्रदर्शन, उठाई आवाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




विजय नगर क्षेत्र के सुमन नगर में गैस रिसाव की घटना के बाद हुई आगजनी में कुछ लोग झुलस गए थे। इस मामले में जहां गैस रिसाव की घटना के बाद आग से झुलसे लोगों का इलाज अस्पताल में हो रहा है वहीं पर पीड़ित के निकट के लोगों ने बैनर हाथ में लेकर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। क्षेत्रीय पार्षद बालमुकुंद सोनी और संबंधित ठेकेदार को इन लोगों ने प्रथम दृष्टिया दोषी माना और यह भी कहा कि जांच की जाए और पार्षद, ठेकेदार जिन्होंने बगैर स्वीकृति के बोरिंग कराया और यह बोरिंग गैस पाइप लाइन के ऊपर करवा दिया। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि पार्षद के घर से मात्र 200 मीटर पर यह बोरिंग करवाया गया। गैस पाइप लाइन जहां डाली जाती है उसका नक्शा रहता है वह भी देखना उचित नहीं समझा गया। इस मामले में पीड़ित के निकट के लोगों ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से मांग की कि घटना की गंभीरता को देखा जाए और पीड़ितों को समुचित चिकित्सा सहायता दिलवाई जाए और इस मामले में जो भी दोषी है उस पर कार्रवाई की जाए। अगर इस मामले में बगैर स्वीकृति के पार्षद और ठेकेदार ने बोरिंग किए है तो उन पर कार्रवाई की जाए पूरे मामले को जांच के संज्ञान में शामिल किया जाए। जो भी दोषी है उन पर एफआईआर दर्ज की जाए, पीड़ितों को न्याय मिले।

# सोलापुर के लिए हो स्थाई रेल सेवा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर नागरिक रेलवे सुझाव मंच के गोपाल पाराशर ने जनहित में इंदौर से महाराष्ट्र के सोलापुर के लिए ट्रेन व्यवस्था का मुद्दा उठाया। पाराशर ने बताया कि इंदौर से लगातार सोलापुर जाने के लिए यात्री परेशान होते हैं। इंदौर से सोलापुर के लिए जो ट्रेन की सेवा उपलब्ध है उसमें प्रतिक्षा सूची बनी रहती है, वहीं यात्रियों को पुणे जाना पड़ता है और वहां से ट्रेन बदलकर सोलापुर जाते हैं। परिवार के साथ जाने में ट्रेन बदलना कष्टदायक साबित होता है। इस समस्या के समाधान के लिए इंदौर से सोलापुर नियमित रेल सेवा संचालित होना चाहिए ताकि इदौर और सोलापुर के नागरिकों को इस रेल सुविधा का लाभ मिल सके। इस मामले में पाराशर ने कई समाज के पदाधिकारियों को भी पत्र लिखे कि वे समाज स्तर पर सांसद शंकर लालवानी और केन्द्रीय रेल मंत्री को इंदौर से सोलापुर ट्रेन के लिए पत्र लिखे। पाराशर ने यह भी कहा कि इंदौर से पुणे के लिए नई रेल लाइन से नई सेवा शुरू की जाना चाहिए, जो भोपाल होते हुए इटारसी, भुसावल से सोलापुर तक चले।



# आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय

## गोपीकृष्ण नेमा ( पूर्व विधायक ) लोकतंत्र सेनानी ( मीसाबंदी ) भुक्त भोगी की कलम से

आज से 51 वर्ष पूर्व देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की अनुशंसा पर राष्ट्रपति महामहीम फखरूद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 का उपयोग करते हुए 25 जून 1975 रात्री 12 बजे देश में आपातकाल लागू कर दिया। आपातकाल की घोषणा से देश में नागरिक स्वतंत्रता की समाप्ति प्रेस सेंसर शीप के साथ रात्री में ही देश के विपक्षी नेताओं, प्रमुख कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियां शुरू हो गई।

26 जून सुबह देश के कई समाचार पत्रों में अपने संपादकीय रिक्त, काले रंग से अथवा प्रश्नवाचक चिन्ह बनाकर प्रकाशित किये संविधान का मखोल लोकतंत्र की हत्या का यह दृष्य देश ने 21 मार्च 1977 तक देश ने आपातकाल समाप्त होने तक देखा। देश में आन्तरिक अराजकता एवं विद्रोह का नाम देकर लगाये जाने वाले आपातकाल के मूल में जो घटनाक्रम था वह देश की सर्वशक्तिमान कही जाने वाली प्रधानमंत्री जिसके बारे में कांग्रेसी कहते थे इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा। श्रीमती इंदिरा गांधी के 1971 में लडे गये लोकसभा चुनाव के विरूद्ध श्री राजनारायण द्वारा लगाई गई चुनाव याचिका का निर्णय था जो 12 जून 1975 को इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जगमोहन सिन्हाजी ने निर्णय दिया था कि श्रीमती गांधी ने अपने चुनाव में शासकीय तंत्र का दुरूपयोग किया है और यह इनको चुनाव में मैं अयोग्य घोषित करता हूँ और श्रीमती गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई।

सभी विपक्षी दल प्रधानमंत्री के इस्तिफे की मांग पर जन आंदोलन करने लगे। इसके पूर्व 1974 में गुजरात में चल रहे छात्र नवनिर्माण आंदोलन को कुलचने में वहां की कांग्रेस श्री चिमनभाई सरकार छात्रों पर अत्याचार कर रही थी तब वयोवृद्ध सर्वोदयी नेता श्री जयप्रकाश नारायणजी ने उस आंदोलन की अगुवाई की और गुजरात पहुंच गये, वहाँ की सरकार के विरूद्ध एवं देश में भ्रष्टाचार निरंकुशता के खिलाफ श्री जयप्रकाशजी ने श्रीमती गांधी की सरकार को बदलने हेतु संपूर्ण क्रांति का नारा देकर देश में यात्रा शुरू की। वोट क्लब दिल्ली में एक बडा जनसेलाब लोकनायक जयप्रकाशजी के नेतृत्व में एकत्रित हुआ जिसमें यह नारा दिया गया कि सिंहासन खाली करो जनता आती है। इस जन आंदोलन ने एवं इलाहबाद उच्च न्यायालय के निर्णय से देश की सरकार ने अपने को बनाये रखने हेतु आपातकाल लगाकर संपूर्ण देश को खुली जेल में परिवर्तित कर दिया विपक्ष के नेता, प्रमुख कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वयं संघ के स्वयं सेवकों को जेलों में बंद कर दिया गया। प्रतिदिन समाचार पत्र जिलाधीश को प्रुफ बताकर उनकी स्वीकृती के बाद ही वह प्रकाशित किया जाते थे। सभी पर शासकीय अंकुश लागू कर, शासन प्रशासन की निरंकुशता और बर्बरता में आम जन आतंकित हो गया था।

उपरोक्त झलकियां देश प्रदेश की थी हमारे जैसे विद्यार्थी नेता जिनमें अब कई विभिन्न राजनैतिक दलों में कार्यरत है। कुछ भाजपा में एवं कुछ कांग्रेस में कार्य कर रहे है। हम उस समय से ही कांग्रेस विरोधी रहे अगर हमें जेल में बंद किया तो हमने उस दौर में लोकनायक जयप्रकाशजी के इंदौर आगमन पर विद्यार्थियों की एक बडी रैली निकालकर उनके सभा स्थल चिमनबाग मैदान पर उनका स्वागत किया था। पर कांग्रेस की आपसी गुटबाजी में युवा कांग्रेस के छात्र नेता भी आपातकाल में मीसा के तहत गिरफ्तार कर जेल में बंद किये गये जिन्हें जेल में देखकर हमें आश्चर्य होता था कि इन्ही सरकार में ये हमारे साथ जेल में बंद क्यों है।

हमारी गुजराती कालेज में फायनल परीक्षा चल रही थी। परीक्षा कक्ष के बाहर संयोगितागंज थाने के टी.आई. एवं जवान खडे थे परीक्षा में सहज रूप से पुलिस व्यवस्था रहती है हमें यह मालुम नहीं था कि ये हमारे इंतजार में है हम पेपर जमा कर बाहर आये तो टी.आई. ने हमारे कंधे पर हाथ रखा और कहा सी.एस.पी. साहब आपसे चर्चा करना चाहते है कि हम विद्यार्थी नेता थे पुलिस को डर था कि गिरफ्तारी पर हंगामा न हो जाये इसलिए चर्चा का बहाना कर थाने ले गये। वहां जिलाधीश द्वारा जारी गिरफ्तारी आदेश देकर जिला जेल में भेज दिया इसके पूर्व परिवार को सुचना देने आवश्यक सामग्री घर से मंगवाने जैसे महान कार्य पुलिस ने जरूर किया दूसरे दिन से जेल में ही शेष परिक्षाएं सम्पन्न हुई सुबह एक प्रोफेसर साहब प्रश्न पत्र एवं कॉपी लेकर जेल आये और प्रश्नपत्र हल करवाकर कॉपी लिफाफे में सील कर ले गये।

परीक्षा समाप्त होने पर दिनभर राजनैतिक चर्चाएँ, मनोरंजन बाते एवं कब छोडेंगे या नहीं छोडेंगे इन विषयों पर चर्चा होती रहती है। सभी विपक्षी दलों के नेता कार्यकर्ता सरकार के सहयोग से विपक्षी दल एकता के सूत्र में जेलो में बंध गये।

जनता में डर एवं विपक्ष का जेल में बंद रहने से सरकार की एजेंसियों को यह गफलत हो गई कि सब सरकार के पक्ष में है इसी भाव में सरकार ने 18 जनवरी 1977 को आम चुनाव की घोषणा करवा दी। जेल में बंद विपक्षी नेताओं ने श्रीमती गांधी की तानाशाही के खिलाफ एकजुट होने का निर्णय लेकर जनता पार्टी और हलधर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ा और कांग्रेस पार्टी को सत्ता से हटाकर पहली गैर कांग्रेस जनता सरकार का गठन कर 21 मार्च 1977 को देश में पुनः प्रजातंत्र की स्थापना की। देश के संविधान की हत्या और मन मर्जी से उपयोग आज की इस युवा पीढ़ी को जानना एवं समझना चाहिए कि भविष्य में कोई संविधान का मनमाना उपयोग ना कर पाये।

### कांग्रेस सिमरोल ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन कल होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस के महू विधानसभा के सिमरोल ब्लॉक कार्यकर्ताओं का सम्मेलन चोरल में कल 26 जून को सुबह 11.15 बजे से अध्यक्ष अशोक सैनी ने आयोजित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल एवं महू विधानसभा और सिमरोल ब्लॉक से संबंधित कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### युवा जानेंगे आपातकाल की विभीषिका आज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठ भाजपा नेता कप्तानसिंह सोलंकी राजीव गांधी सर्कल स्थित शुभकारज गार्डन में शाम 4 बजे से आपातकाल की विभीषिका विषय पर व्याख्यान देंगे, खासतौर से युवाओं को इस 51 वर्ष पुराने आपातकाल की जानकारी दी जाएगी।








# अभिभाषक संघ चुनाव में मतदान शुरू

**इंदौर।** जिला न्यायालय अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया आज सुबह से शुरू हुई। अधिवक्ता अपने मतों का उपयोग कर रहे हैं। अध्यक्ष से लेकर नीचे तक के पदों के चुनाव में कई अधिवक्ता उम्मीदवार मैदान में हैं। उम्मीदवार और समर्थक आज न्यायालय परिसर में प्रचार-प्रसार करते देखे गए। निर्धारित समय तक प्रक्रिया चलेगी और उसके बाद निर्धारित समय पर मतगणना भी शुरू होगी।

# वार्डों में कांग्रेस की कार्यकारिणी बनना बाकी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**85 में से 4 वार्डों की हुई, 75 की कागजों पर आई हुई है, बैठक कर करना है पूरी**

शहर कांग्रेस ने 24 में से 22 ब्लॉकों की कार्यकारिणी बनाकर बैठक में घोषित भी कर दी है। बचे हुए दो ब्लॉक के पदाधिकारी और कार्यकारिणी की सूची कागज पर बन गई है। केवल बैठक कर शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर घोषित करेंगे। इधर शहर कांग्रेस में 85 मंडलम अध्यक्षों में से 4 वार्डों के पदाधिकारी और कार्यकारिणी की इकाई पदाधिकारियों की मौजूदगी में घोषित की है। महत्वपूर्ण बात यह है कि बचे हुए 81 में से 75 वार्डों की इकाई को कागज पर मूर्त रूप दिया जा चुका है। अन्तर केवल यह है कि इन वार्ड पदाधिकारियों को बुलाकर अध्यक्ष चिंटू चौकसे सीधे वन-टू-वन मुलाकात करेंगे और वार्डों के बन रहे पदाधिकारियों को संगठन के लिए कैसे काम करना है उसकी हिदायत भी देंगे। अभी कांग्रेस को वार्डों से पदाधिकारी और सदस्य बनाना है और उसके बाद बूथ व पन्ना लेवल पर भी इकाई को ले जाना है।

## समन्वय समिति की बैठक

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शहर कांग्रेस ने आज प्रभारी बाल बच्चन और पंकज उपाध्याय की मौजूदगी में समन्वय समिति की बैठक आज दोपहर 12 बजे से गांधी भवन में बुलाई है। बैठक में विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी प्रभारी, हारे हुए विधायक, एआईसीस, डेलीगेट्स सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन पदाधिकारी को अपेक्षित के रूप में आमंत्रित किया है।

# शादी-ब्याह के खाना पर प्रशासन का ध्यान नहीं

## एक साथ सैकड़ों लोग करते हैं भोजन, दही के साथ दूध से बने व्यंजन भी खाए जा रहे हैं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**स्कूलों पर सख्ती, मांगलिक कार्य पर ध्यान नहीं**

अधिक मास की पूर्णाहुति के बाद से मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं वह भी आयोजित हो रहे हैं। यह बात अलग है कि इस बार शादियां कम हैं। इधर जिला प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज, छात्रावास की मेस पर सख्ती का रुख दिखा रखा है। एक निजी स्कूल में बच्चों के बीमार होने के बाद और सख्ती की गई है। जानकारों का यह मानना है कि कई स्कूलों में पूरा खाना मिलता है तो कई स्कूलों में नाश्ता भी मिलता है और कई स्कूल कुछ भी नहीं देता है। विद्यार्थी अपने लंच बॉक्स लाते हैं, स्कूल की मेस को अव्यवस्था पर सीज किया जा रहा है, जिससे बच्चों का भोजन प्रावित हो रहा है। इधर, शादी ब्याह, मकान मुहूर्त और अन्य मांगलिक कार्यक्रम में प्रशासन का ध्यान बिल्कुल नहीं है। जानकारों का यह भी कहना है कि केटरर्स बची हुई सामग्री शादी में इसलिए झोंक देते हैं कि वह अंतिम कार्यक्रम उस दिन का होता है, चाहे मसाला की निर्धारित तिथि निकल चुकी हो या फिर लोग दहीबड़ा के साथ दूध का आयटम खाएं, या फिर आमरस खाने के बाद पानी पतासा पी ले, जिससे भी डिहाईड्रेशन की संभावना बनी रहती है। यह तो गनीमत है कि शादी ब्याह के खाना में कोई बड़ी घटना नहीं घटी है। छोटी से छोटी शादी में 500 से 600 लोग और मध्यम शादी में 1000 से अधिक लोग और बड़ी शादी में 2000 से अधिक लोग रहते हैं। इस समय ज्यादातर खाना केटरर्स से बनवाया जाता है और खाने की सामग्री पर आयोजकों का ध्यान नहीं होता है क्योंकि वे मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त होते हैं। कुल मिलाकर शादी-ब्याह और अन्य कार्यक्रम के अलावा जहां किटी पार्टी होती है, जहां आयोजन होते हैं वहां प्रशासनिक अमला चेकिंग के लिए नहीं पहुंच रहा है। शायद घटना के बाद ही प्रशासन उन पर संज्ञान लेगा ऐसा जानकार बता रहे हैं। सोशल मिडिया पर भी इस तरह की बातें अब प्रसारित की जा रही है।



# क्लॉथ मार्केट चुनाव.... पहले दिन भराए 36 नामांकन

## आज शाम को जांच के बाद होगा सूची का प्रकाशन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

श्री मंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट मर्चेंट एसोसिएशन के चुनाव के लिए कल नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन 36 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है, शाम को जांच के बाद सूची का प्रकाशन होगा। 43 लोगो ने नामांकन लिया था। क्लॉथ मार्केट चुनाव में चुनावी घमासान शुरू हो गया है। अभी 7 लोगों ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। आज शाम 4 बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे, इसके आधे घंटे बाद नामांकन पत्रों की जांच कर सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# बीमारी के नाम पर ठगी के चल रहे हैं प्रयास

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** कई लोग ठगी को अंजाम देने की हरसंभव कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपने निकट के लोगों को अस्पताल में दाखिल बताकर आर्थिक मदद रास्ते में मांगते हैं तो कुछ लोग टूटी फूटी गाड़ी रास्ते में लेटाकर लोगों से बोलते हैं कि हमारा एक्सीडेंट हो गया है, हमारे पास पैसे नहीं है 200 से 300 रुपए की मदद कर दीजिए। इस मामले में भगवानसिंह निवासी सूर्यदेव नगर ने बताया कि दो दिन में एक जैसी घटना उनके साथ भी घटी। 18 जून की शाम पौने चार से सवा चार के बीच फूटी कोठी चौराहा पर दो नौजवान 25 से 30 साल के थे, उन्होंने वाहन रुकवाया और कहा कि वे परेशानी में है और अपना वाहन घसीटते हुए दिखे और कहा कि उनका एक्सीडेंट हो गया है पैसा नहीं है और 200 से 300 रुपए की मांग की गई। यह भी कहा कि आप अपना पता दीजिए यह पैसा आपको वापस लौटा दिया जाएगा। इन्हीं घनश्याम पाल के साथ दूसरे दिन 19 जून को इसी तरह की घटना चंदन नगर सर्कल से फूटी कोटी रिंग रोड पर फिर से हुई। तत्काल भगवान सिंह को समझ में आ गया कि यह फ्रॉड लोग है। उन्होंने दोनों युवाओं को ललकारा तो दोनों चलते बने। भगवानसिंह ने कहा कि ऐसी घटनाओं से सतर्क रहना चाहिए। पुलिस और प्रशासन को भी ऐसे लोगों को सबक सिखाना चाहिए।

# माहेश्वरी समाज में आज से नामांकन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माहेश्वरी समाज जिला के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आज से 10 पद और महासभा, प्रादेशिक सभा, जिला कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भी नामांकन मिल रहे हैं। आज सुबह के बाद शाम को भी यह नामांकन मिलेंगे।

# हाई से आधी हुई चांदी

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** करीब 6 माह पहले चांदी 4 लाख 20 हजार से ऊपर पहुंची थी और उस समय चांदी के 6 लाख रुपए किलो पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी, तभी चांदी रिवर्स हो गई थी। हाई के बाद चांदी बहुत दिनों तक 2 लाख 40 हजार से लेकर 2 लाख 60 हजार के बीच रही लेकिन अब चांदी विगत कुछ दिनों से रिवर्स पर है। हाई के 4 लाख 20 हजार के बाद चांदी आधी हो गई। अभी चांदी का आज एमसीएक्स पर भाव 214882 दिखाई दे रहा है। आज सुबह 2 लाख 10 हजार रुपए प्रति किलो पर चांदी पहुंच गई थी। इस तरह हाई से आधी के बाद चांदी ने सुबह की कुछ देरी के बाद ही 4000 की ऊंचाई दिखाई। सोना जरूर 1 लाख 90 हजार प्रति 10 ग्राम के हाई पर पहुंचकर अभी 1 लाख 41 हजार पर है जो हाई से आधा नहीं हुआ है। चांदी में ज्यादा तेजी मंदी होती है जबकि सोना में एकदम तेजी मंदी नहीं होती है। कल जरूर सोना एक साथ 5000 कम हुआ था और चांदी साढ़े 13 हजार रुपए कम हुई थी। यह सब एमसीएक्स पर चल रहा है।




# भाजपा के राज में जनता को मार ही मार-चौकसे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार एक तरफ लगातार टैक्स वृद्धि कर रही है, महंगाई के तोहफे दे रही है। यही हाल प्रदेश की भाजपा सरकार का है। चौकसे ने कहा कि भाजपा की विकास मॉडल की सौगात इंदौर को भी मिल रही है। पहले निगम ने दूषित जल दिया, जिससे भागीरथपुरा में कई लोग मृत हुए और फिर कई क्षेत्रों से दूषित जल की बात सामने आई और महावीर नगर में भी कई लोग बीमार हुए। गर्मी में निगम की अव्यवस्था के चलते लोग बूंद बूंद पानी को तरसे। इधर, बीआरटीएस गलत बनाया और फिर तोड़ने के पैसे भी दिए। इन सबके चलते खास तौर से बरसात के सीजन में यातायात की दिक्कत पूरे इंदौर में हो रही है। जरा सा पानी गिरने पर रोडों पर पानी भरा जाता है जिससे भी यातायात बाधित होता है। स्वच्छता को नंबर 1 बनाने का दावा करने वाली निगम की पोल गलियों में दिखाई देगी, जहां कचरा पड़ा रहता है। कुल मिलाकर जनजीवन यातायात से लेकर गड्ढों के मामलों में भी अब जनता को अव्यवस्थित कर रखा है। जगह जगह गड्ढे हो रहे हैं। बरसात के पूर्व पेंचवर्क नहीं हुए हैं। बरसात में बड़े-बड़े गड्ढे नजर आएंगे। यह सब शासन और निगम की पोल है।

# दिग्विजय सिंह आज आएंगे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस नेता सुवेग राठी, नासिर खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज शाम को भोपाल से इंदौर पहुंचेंगे। वे शाम 7 बजे देवेन्द्र मीणा के स्कीम नं. 140 वर्ल्ड कप चौराहा के समीप मुलाकात करेंगे। वहां से वे सीधे रात 8 बजे कृपाशंकर शुक्ला के जिंसी निवास पर पहुंचेंगे। आज रात्रि विश्राम रेसीडेंसी कोठी पर ही दिग्विजय सिंह करेंगे। कल जिला कांग्रेस सिमरोल ब्लॉक का चोरल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भी वे दोपहर 11.30 बजे शामिल होंगे। वहीं चोरल से इंदौर रेसीडेंसी भी दोपहर में दिग्विजयसिंह पहुंचेंगे और कल शाम 4 बजे इंदौर से देवास निकलेंगे।



# 1 लाख 20 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी

## प्रदेशभर में इंदौर अव्वल, 6 लाख 80 हजार मीटर लग चुके हैं

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** स्वच्छता में लगातार नंबर वन और स्मार्ट सिटी के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर शहर में अब तक इन्दौर सिटी के एरिया में लगभग 6 लाख 80 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाएं जा चुके हैं। वहीं अब आने वाले दिनों में बचे लगभग 1 लाख 20 हजार के आसपास स्मार्ट मीटर और लगाए जाने का विभाग द्वारा लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर इन दिनों बहुत तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में साउथ और ईस्ट डिवीजन में बचे हुए क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में पहले से और ज्यादा तेजी दिखेगी। जिसके लिए इन दिनों 30 विद्युत जोन में से शेष विद्युत जोन के अंतर्गत आने वाली कालोनियों के बचे हुए एरिया में आने वाले दिनों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में पहले से और ज्यादा तेजी दिखेंगी। हालांकि विभाग द्वारा जैसे-जैसे स्मार्ट मीटर की खेप आ रही है वैसे-वैसे लगाने का काम किया जा रहा है।

### अभी इन एरिया में चल रहा नए मीटर लगाने का काम

बिजली विभाग से जुड़े अफसरों के मुताबिक इन दिनों शहरी क्षेत्र के साउथ और ईस्ट डिवीजन से जुड़े विभिन्न एरिया की कई कालोनियों में बिजली विभाग द्वारा नए आधुनिक सुविधाओं वाले स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। मुख्य रूप से सत्यसाईं चौराहे के आसपास स्कीम 78, सुखलिया क्षेत्र, नंदा नगर, बजरंग नगर के साथ विजयनगर क्षेत्र के बचे हुए एरियों के साथ नवलखा क्षेत्र, मैकेनिक नगर क्षेत्र, यूनिवर्सिटी जोन मनोरमागंज, डेली कॉलेज विद्युत जोन के अन्तर्गत मूसाखेड़ी, मयूर नगर के अलावा आसपास की दर्जनों कालोनियों में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इधर डेली कालेज विद्युत जोन के सहायक यंत्री अभिनव सिंह बताते है कि हमारे क्षेत्र में कुल 36000 उपभोक्ताओं में से अब तक 30 हजार के आसपास घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहीं आने वाले दिनों में बचे हुए क्षेत्र में करीब 6000 स्मार्ट मीटर और लगाए जाएंगे। जिसको लेकर इन दिनों हमारे क्षेत्र में नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है।

**आदर्श बगीचे की सौगात मिलने वाली है**



# 50 लाख से ज्यादा लागत से हो रहा बड़ा गार्डन तैयार

**हरियाली के लिए पेड़-पौधे लगाए जाएंगे**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 63 से जुड़ी पॉश कॉलोनी स्नेह नगर में पार्षद कार्यालय के पीछे क्षेत्र का पहला आदर्श बगीचा नए कलेवर और एकदम नए स्वरूप में तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत नगर निगम द्वारा लगभग 50 लाख से ज्यादा की लागत से यूरोपियन तकनीक के द्वारा एक आधुनिक आदर्श बगीचे का नवनिर्माण किया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल ने बताया यहां जोन क्रमांक 18 एकमात्र आदर्श बगीचे में आसपास के रहवासियों के लिए यूरोपियन टेक्नोलॉजी के तहत एक आदर्श बगीचे का निर्माण किया जा रहा है जिसमें आसपास के रहवासियों के लिए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए आधुनिक मंच बनाया जा रहा है उसके अलावा इस बगीचे में हरियाली खूबसूरती और सौंदर्य करण के लिए एक से बढ़कर एक डेकोरेटिव पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। वहीं रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। साथ ही सजाने-संवारने के तहत और भी कई विकास कार्य



किए जाएंगे। इसके अलावा यहां बगीचे के आसपास के बड़े हिस्से में चारों ओर एक्यूप्रेशर वाले नवीन डिजाइनर ब्लॉक लगाकर आकर्षक पाथवे का निर्माण भी किया जा रहा है।

**रहवासी परिवारों की मांग पर महापौर से करवाएंगे योगा शेड का निर्माण-** क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल का कहना है कि हमारा प्रयास है कि यहां सुबह - शाम घूमने आने वाले आसपास के सैकड़ों रहवासी परिवारों की सुविधा के लिए महापौर पुष्य मित्र भार्गव से इस आदर्श बगीचे में योगा शेड का निर्माण भी करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके लिए महापौर से चर्चा कर जल्द उनका दौरा भी करवाएंगे ताकि क्षेत्र के हजारों रहवासियों को अपने घर के नजदीक एक आधुनिक योगा शेड की सौगात भी मिल जाए।

**विधायक और निगम के सहयोग से लगवाएंगे आधुनिक बेंचें और कुर्सियां-** इसके अलावा इस बगीचे को सही मायने में आदर्श और आधुनिक बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से रहवासियों की मांग पर यहां शानदार बैठक व्यवस्था के लिए आधुनिक बेंचे एवं कुर्सियां लगाने की भी प्लानिंग है। इसके अलावा रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधानसभा दो के सुखलिया क्षेत्र में यूरोपियन टेक्नोलॉजी से तैयार किए गए शहर के पहले आदर्श बगीचे की तर्ज पर अब वार्ड 63 में पार्षद कार्यालय के ठीक पीछे स्थित पुराने बगीचे में जल्द क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में आधुनिक सुविधाओं और जबरदस्त हरियाली और खूबसूरती के साथ एक आधुनिक आदर्श बगीचे की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम किया जा रहा है।

# घाट वाली रिटर्निंग वॉल का होगा निर्माण



**इंदौर।** विधानसभा तीन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 63 से जुड़े बालाजी मंदिर पुल से महादेव घाट होते हुए बाल भवन की ओर जाने वाली रिटर्निंग वॉल का नवनिर्माण आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू होगा।जिसको लेकर निगम द्वारा अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जिससे पारसी मोहल्ला, नदी के किनारे और आसपास के रहने वाले लोगों को इस मानसून सीजन में बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही बालभवन और बंगाली स्कूल में भी नई रिटर्निंग वॉल बनने से बड़ा फायदा होगा।

**75 लाख के आसपास खर्चकर शुरू होगा काम**

### इसी मानसून सीजन में शुरू होगा काम, लोगों को मिलेगा फायदा

वहीं बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा इस कार्य पर करीब 75 लाख रुपए के आसपास खर्च किए जाएंगे। यही नहीं निगम की तैयारी है कि इस बार बारिश के सीजन में जल्द से जल्द निविदा संबंधित प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द काम भी शुरू कर दिया जाए। जिससे आने वाले दिनों में मानसून सीजन में महादेव घाट और आसपास की बस्ती क्षेत्र पारसी मोहल्ला एवं अन्य कॉलोनीयों के रहवासियों को बारिश के सीजन में कान्ह नदी क्षेत्र के आसपास सुरक्षा दीवार निर्माण से भविष्य में इसका सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही अत्यधिक वर्षा काल के दौरान रहवासी परिवारों के साथ मंदिर और घाट के आसपास रहने वालों को भी इससे दीर्घ काल तक राहत मिलेंगी।

# सड़क निर्माण होते ही सैकड़ों परिवारों को मिलेगी राहत

**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत आलोक नगर स्थित पांडे हाउस रोड से लेकर हाई टेंशन लाइन के पास तक क्षेत्र के रहवासियों को पहली बार नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों में बहुत खुशी है। क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया ने बताया विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्पमित्र भार्गव के प्रयासों से आलोक नगर कालोनी बस्ती क्षेत्र में रहवासियों की लगातार मांग के बाद अब यहां मानसून सीजन में बड़े हिस्से में खुदाई कर जल्द नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर बड़ी राहत देने की तैयारी है। जिसको लेकर निगम द्वारा हाल ही में निविदा संबंधित प्रोसेस पूरी कर दी गई है। वहीं अब जल्द काम भी शुरू करने की तैयारी है ताकि लोगों को परेशानी नहीं हो। पार्षद कटारिया ने बताया कि निगम द्वारा लगभग 45 लाख रुपए के आसपास खर्च कर वार्ड 51 के आलोक नगर क्षेत्र में सालों बाद नवीन सीमेंटेड सड़क निर्माण की सौगात दी जा रही है। जिसका निर्माण कार्य निगम द्वारा आने वाले मानसून सत्र में शुरू करने की तैयारी है। जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेंगी। यही नहीं इससे क्षेत्र के रहवासियों को कीचड़ और गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी, जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है।

# यह कैसा जल गंगा संवर्धन अभियान, एक ही बारिश में खजराना तालाब हो गया ओवरफ्लो

**तालाब में ना सफाई हुई ना खुदाई, परिणाम आम जनता ने भुगता, खजराना चौराहा पर भराया 3 फीट पानी, चैंबरों की सफाई को लेकर भी उठे सवाल आखिर इतने दिनों से नगर निगम का अमला क्या कर रहा था।**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में बुधवार की शाम हुई बारिश ने नगर निगम के उस अभियान की पोल खोल कर रख दी, जिसको मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर से शुरू किया था, इसके अलावा शहर के स्टॅार्म वॉटर लाइन चैंबरों के साथ ड्रेनेज चैंबरों की सफाई को लेकर भी सवाल खड़े हुए, क्योंकि मात्र आधे घंटे की बारिश ने यह साबित कर दिया कि नगर निगम के अमले ने जो दावे किए थे, वह फेल साबित हो गए है। पूरे शहर में जल जमाव की स्थिति दिखाई दी। खासकर शहर का वह पास इलाका जहां बड़ी-बड़ी सरकारी बैठके और आयोजन आये दिन होते है। हम बात कर रहे है स्कीम नंबर 78 बिलियन कन्वेंशन सेंटर और उसके आसपास की, यहां सड़कों पर पानी के तालाब भर गए थे। वही खजराना चौराहे पर 3 फीट तक पानी भरा हुआ था, कारों के पहिए पानी में डूबे हुए थे मतलब खजराना चौराहा का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से फेल था जबकि चौराहे का विकास और सौंदरीकरण पिछले साल इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा ब्रिज निर्माण के दौरान किया गया। यहां के ड्रेनेज सिस्टम पर इसका कोई असर नहीं हुआ, कुछ देर की बारिश में ही खजराना तालाब ओवर फ्लो होने लगा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की और शहर के तालाबों की साफ सफाई जीर्णोद्वार सहित सौंदर्यकरण जैसे काम के लिए नगर निगम ने काम की योजना भी बनाई लेकिन मूल रूप से केवल दो ही काम करने थे तालाब की सफाई और चैनल से अतिक्रमण हटाने का काम अनिवार्य रूप से किया जाना था लेकिन जिम्मेदारों ने खजराना तालाब को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई केवल आसपास रंगा पुताई के काम किए गए परिणाम यह हुआ कि बुधवार शाम जब आधे घंटे की भी तेज बारिश नहीं हुई इसी दौरान तालाब का पानी इतना ओवरफ्लो हुआ कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी खजराना चौराहा पर 3 फीट पानी जमा हो गया। कार के पहिए डूबे हुए थे, दो पहिया वाहनों को तो चलाने की ही स्थिति नहीं थी। लोगों का कहना है कि खजराना तालाब में अभी भी पूरे खजराना क्षेत्र का ड्रेनेज का पानी मिल रहा है इसीलिए गर्मियों में यहां सफाई और गहरीकरण का कार्य किया जाना था। सीवरेज का गंदा पानी जो तालाब को गंदा कर रहा है उसको डाइवर्ट करके एसपी या नाले तक में छोड़ जाना चाहिए था लेकिन इसके लिए कोई काम नहीं किया गया। यही कारण है कि तालाब के पानी से खजराना चौराहा कि सड़क भी तालाब में तब्दील हो गई।

वहीं शहर के दूसरे हिस्सों की बात की जाए तो यहां नगर निगम द्वारा चैंबरों की सफाई के जो दावे किए गए थे वह कर्मचारियों द्वारा झूठे दावे किए गए थे। चैंबरों की सफाई नहीं की गई जिसके परिणाम स्वरूप पूरे शहर में वॉटर लॉगिंग की स्थिति बन गई। ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर के आसपास का क्षेत्र तो मानो तालाब में ही तब्दील हो गया था। स्कीम नंबर 136 का मुख्य मार्ग जो आगे जाकर रिंग रोड को जोड़ता है वह भी पानी में डूबा हुआ था। सिक्का स्कूल वाली गली पूरी पानी से लबालब थी मतलब साफ है यहां इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा प्लानिंग की गई स्टार्म वॉटर ड्रेनेज लाइन यहां डाली हुई है तो फिर जल जमाव की स्थिति आखिर क्यों बनी? यह हिस्सा शहर के नए इंदौर की प्लानिंग में शामिल है। जल जमाव के कारण भारी यातायात जाम हुआ। पिछले वर्ष पूर्व नगर निगम आयुक्त और वर्तमान कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा एक टास्क फोर्स बनाई गई थी जो बारिश के दौरान सड़कों पर होने वाले जल जमाव को रोकने के लिए काम कर रही थी, इस फोर्स का काम था बारिश शुरू होते ही चौराहों पर और मुख्य मार्गों पर होने वाले जल जमाव पर निगरानी रखने के साथ ही जहां जल जमाव हो रहा है उसे दूर करना, चैंबरों के कचरे बारिश के दौरान ही हटाना था लेकिन इस वर्ष ऐसा कुछ भी शहर में नजर नहीं आया सड़कों पर पानी जमा होता रहा है। इधर नगर निगम के अधिकारियों ने पहली बारिश होने का हवाला देते हुए आने वाले समय में जल जमाव की स्थिति नहीं बने इस तरह की तैयारी की बात कही है जबकि बारिश की रोकथाम और जलजमाओं की स्थिति को लेकर नगर निगम आयुक्त कलेक्टर शिवम वर्मा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा लगभग 5 से 10 बैठक भी अब तक कर ली गई लेकिन इनका नतीजा शिफर ही रहा।

# एमवाय अस्पताल की समस्याओं के कई मुद्दे उठाए

## नर्सेस एसोसिएशन ने लिखा अधिकारी को पत्र



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नर्सेस एसोसिएशन मध्यप्रदेश 11720 जिला शाखा इन्दौर क़े अध्यक्ष ने संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक एमवाय चिकित्सालय को पत्र लिखाकर चिकित्सालय में मरीजों एवं मरीज के परिजनों को हो रही असुविधाओं के सम्बंध में संज्ञान डाला और भी समस्याएं इस पत्र में लिखी गई, जिसमें एमवाय की हर मंजिल पर दो विंग में सहायक वार्डबॉय और विशेष इकाइयों में वार्डबॉय तीन शिफ्ट में मुहैया कराए जाए, जिससे कार्य सुचारू हो सके और अस्पताल में अप्रिय घटना से बचा जा सके। ईसीजी पूर्व की तरह कार्डियोलॉजी विभाग करें, जिससे एमवाय में आने वाले गंभीर मरीजों के इलाज में देरी ना हो। मनोरोग विभाग के मरीज छठीं मंजिल पर है उन्हें वहां से किसी और जगह शिफ्ट किया जाए। इन सभी समस्याओं पर तत्काल निराकरण की मांग नर्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की। आदित्य उपाध्याय ने यह पत्र अधिकारियों को प्रेषित किया।


### उठावना



दुःख के साथ सूचित करने में आता है कि स्व. श्री आयदान टाँक के सुपुत्र, मनीष, शेखर, सुमित, संतोष के चाचाजी एवं विशाल (भोला) के पिताजी एवं राघव, आयांश के दादाजी **श्री विजय टाँक** का **स्वर्गवास दिनांक 23 जून, 2026 मंगलवार** को हो गया है। **उनका उठावना आज शाम 4 से 5 बजे के बीच निज निवास-304, पंच मूर्ति नगर, इन्दिरा नगर** पर रखा गया गया है।

**शोकाकुल :-राजू, कैलाश, कमल, संजय टांक**
**मो.: 98264 67533**




# प्री मानसून की बारिश से इंदौर की तैयारी की पोल खुली

## मुख्य मार्ग से लेकर बाहरी क्षेत्र तक हर जगह हुआ जल का जमाव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मानसून के आगमन के पूर्व कल हुई बारिश से इंदौर नगर निगम की तैयारी की पोल खुल कर सामने आ गई। शहर के मुख्य मार्ग से लेकर शहर के बाहरी क्षेत्र तक हर तरफ पानी का जमाव हुआ। निगम के द्वारा जोनल कार्यालय के माध्यम से काम करने का दावा किया गया था लेकिन व्यवस्था बराबर नहीं हुई है।

मौसम विभाग ने इस बात की घोषणा की है कि अब मानसून मध्य प्रदेश में प्रवेश करने जा रहा है। मानसून के आगमन के पहले प्री मानसून की बारिश प्रदेश के कई शहरों में हुई है। कुछ शहरों में प्री मानसून में जमकर बारिश हो गई है तो कुछ शहरों में नाम की बारिश हुई है। इंदौर में कल पानी का मौसम जोरदार बना। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में कम तो पूर्वी क्षेत्र में ज्यादा बारिश हुई है। यदि पूरे शहर में भी देखा जाए तो कोई बहुत जोरदार बारिश नहीं हुई है लेकिन हां जो रिमझिम बारिश हुई है उसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया है। इंदौर उत्सव मनाने वाले लोगों का शहर है। यह शहर जब बारिश अच्छी होती है तो झूम कर नाचता भी है और घूमने भी निकल जाता है। शहर में इस मौसम की पहली बारिश में ही सड़कों पर पानी का जो जमाव हो गया उसने नागरिकों को निराश कर दिया। एक तरफ जहां यातायात की अव्यवस्था के कारण शहर में चारों तरफ यातायात जाम की स्थिति बनी हुई थी तो वहीं दूसरी तरफ हर ओर पानी का जमाव भी नजर आ रहा था।

### जोनल कार्यालय के माध्यम से नहीं की गई बराबर व्यवस्था

इंदौर नगर निगम के द्वारा अपने जोन कार्यालय के माध्यम से उन सारे स्थान पर विशेष व्यवस्था करने का दावा किया गया था जिन स्थानों पर हमेशा बारिश के मौसम में पानी भर जाता है। अब कल जो स्थिति बनी उसको देखकर सब यह समझ गए हैं कि नगर निगम के द्वारा व्यवस्थाएं बराबर नहीं की गई है। जिन स्थानों पर पानी भर जाता है उन स्थानों से पानी के निकलने के लिए रास्ता नहीं बनाया गया है। शहर का रीगल चौराहा हो या खजराना चौराहा हो, गीता भवन चौराहे का एक क्षेत्र हो या फिर पलासिया चौराहे का एक क्षेत्र हो सभी दूर जमकर जल जमाव हुआ। शहर की आबादी वाले क्षेत्रों और कॉलोनी में तो जल जमाव की स्थिति बहुत ज्यादा खराब रही। अवैध कॉलोनी के नागरिक तो इस तरह की स्थिति में समस्या से दो-दो हाथ करने के लिए अभिशप्त हैं। इन नागरिकों की हालात की बात नहीं भी करें तो भी शहर के यातायात वाले क्षेत्र में भी बेहतर व्यवस्था को आकार देने में निगम के कर्मचारी नाकाम रहे हैं।

# मुस्लिम बाहुल्य बस्तियों से पानी बंद होने के बाद निकले अखाड़े

## आज रात निकलेगा ताजिया जुलूस, आगे सरकारी ताजिया फिर छोटे-बड़े साहब और फिर कतारबद्ध ताजिये-बुराक निकलेंगे जो देर रात तक निकलते रहेंगे



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मोहर्रम की 8 तारीख बुधवार की रात कल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से मोहर्रम के अखाड़े निकाले गए। कल दोपहर से ही पानी रूक-रूकर आ रहा था और शाम को पानी गिरता रहा। कल रात करीब 10.30 बजे के बाद पानी बंद हुआ तब जाकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से अखाड़ों का निकलना शुरू हुआ। खजराना के कई क्षेत्रों से अखाड़ा निकलकर खजराना इमामबाड़ा पहुंचे, वहां सलामी दी गई। इसके अलावा अन्य मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से अखाड़ा निकलकर शहर के मध्य राजवाड़ा, इमामबाड़ा स्थित सरकारी ताजिया को सलामी दी गई, फिर सभी अखाड़ा छोटा-बड़ा साहब कागदीपुरा पहुंचे वहां भी सलामी दी गई उसके बाद अखाड़ा अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचे। कई जगह स्वागत मंच भी लगे हुए थे, अखाड़ा के लोगों ने बनेठी भी घुमाई और कला का प्रदर्शन भी किया। देर रात यह अखाड़े अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचे, आज रात मोहर्रम की 9 तारीख पर ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। खजराना के सभी ताजिये वहीं निकलेंगे और इमामबाड़ा के सरकारी ताजिया के पीछे क्रम बना रहेगा। यही स्थिति अन्य मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से सरकारी ताजिया पहुंचेंगे और कतारबद्ध रहेंगे। इमामबाड़ा से सरकारी ताजिया निर्धारित समय पर नगर भ्रमण पर निकलेगा और उनके पीछे नृसिंह बाजार से छोटे-बड़े साहब भी शामिल होंगे और इनके पीछे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से आए ताजिये शामिल होंगे। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन आज रात ताजियों का दीदार करेंगे। कल ताजिया दोपहर बाद ठंडा करने के लिए कर्बला मैदान पहुंचेंगे, यह क्रम शाम तक जारी रहेगा।

# हिन्दू समाजजनों ने भी बनवाया ताजिया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छोटी ग्वालटोली से 114 वर्षों से ताजिया जुलूस मिट्ठू बाबा का परिवार निकालता रहा। अब यह परिवार समाजवादी नगर में शिफ्ट हो गया है। सहरिया परिवार के देवीलाल सहरिया, सन्नी सहरिया ने आज सामाजिक सौहार्द के लिए ताजिया का निर्माण इमामबाड़ा से करवाया। दो दिन पहले ताजिया समाजवाद नगर पहुंचा। गत वर्ष भी ढोल-ताशों की थाप पर यह जुलूस समाजवादी नगर से राजवाड़ा तक निकाला गया था और वहां से फिर शहर के मध्य ताजिया को भ्रमण कराया गया था, अभी भी यह क्रम जारी रहेगा, आज रात 9.30 बजे के करीब समाजवादी नगर से ताजिया जुलूस हिन्दू समाज के

## 114 वर्ष की परम्परा रखी है कायम, आज रात ले जाएंगे इमामबाड़ा

करीब 40 लोग निकालेंगे और रात 10 बजे के बाद राजवाड़ा पहुंचकर ताजिया जुलूस में शामिल होंगे। इमामबाड़ा से जुलूस के क्रम में शामिल होकर शहर के मध्य खजूरी बाजार से जवाहर मार्ग तक यह ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेव दिया जाएगा। जुलूस में देवीलाल सहरिया, सन्नी सहरिया, नरेंद्र डोंगरे, मयूर नीम, उमेश नीम, आयुष सहरिया, दीपेश नीम, रितेश सहरिया, मनीष केशव सहित कई लोग शामिल होंगे। 26 वर्षों से समाजसवादी नगर से यह ताजिया जुलूस निकल रहा है, उसके पहले यह परिवार छोटी ग्वालटोली से यह जुलूस पीढ़ियों के माध्यम से निकाल रहा था।





## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में तेजी के लिए प्रशिक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के पोलोग्राउंड स्थित सभागार में मंगलवार दोपहर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर पंजीकृत सोलर वेंडर को उपयोगी जानकारी दी गई। केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा तैयार सिटी एक्सेलेटकर प्रोग्राम के तहत हुए आयोजन में पंजीकृत सोलर वेंडर्स को तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षमता वृद्धि के लिए जानकारी दी गई। प्रावधानों से अवगत कराया गया, आवेदनों की प्रक्रिया, सोलर सिस्टम इंस्टालेशन, तकनीकी मानकों को पूरा करने का कार्य, गुणवत्ता पालन, सुरक्षा इत्यादि के बारे में बताया गया। अधिकारी प्रकाशसिंह चौहान, तरुण उपाध्याय, सीए ठकार, प्रवीण तिवारी मौजूद थे।

# 48 घंटों में 6 नेत्रदान एवं त्वचादान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पिछले 48 घंटों में 6 नेत्रदान और त्वचादान के सफल कार्यक्रम सेवाकार्य के अन्तर्गत हुए। एक नेत्रदान प्रातः 5 बजे, एक रात्रि 3 बजे तथा एक नेत्रदान मध्यरात्रि के बाद संपन्न हुआ। इन 6 नेत्रदान से नेत्र बाधित लोगों को नई रोशनी मिलेगी। एरोड्रम थाना के जवान विपिन भदौरिया और अजय यादव ने अपने निर्धारित ड्यूटी के बाद भी देर रात जिला अस्पताल पहुंचकर नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग कराया। इस कार्य में मुस्कान ग्रुप परमार्थिक ट्रस्ट के जीतू बगानी, निवेदिता गोयल, अनिल गोरे एवं गोपाल सरोके, कार्तिक बगानी, लक्ष्मण केसवानी, रेणु जयसिंघानी, हरपाल सितलानी, राजेंद्र माखीजा का सहयोग रहा। पूरा मार्गदर्शन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हासीजा का रहा।



# मेहंदी की रात मांगी गई मन्नत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल मोहर्रम की 8 तारीख मेहंदी की रात में जहां अखाड़ों का दौर चला वहीं कई श्रद्धालु मन्नत के लिए सरकारी ताजिया इमामबाड़ा पहुंचे। शहरकाजी डॉ. इशरत अली, इलियास कुरैशी, सफी कुरैशी, इकबाल, शाहनवाद खान, इमरान हुसैन, शब्बीर कुरैसीष इरफान बेग सहित अन्य मौजूद थे। सरकारी ताजिया पर सेहरा भी पेश किया गया, दुआएं भी की गई।

## निर्जला एकादशी आज... श्याम मंदिरों सहित कई मंदिरों में अनुष्ठान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज निर्जला एकादशी पर शहर के कई मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए जा रहे है। खासतौर पर भगवान श्याम के मंदिरों में सुबह से अलग अलग अनुष्ठान किए जा रहे है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज एकादशी व्रत करने वाले श्रद्धालुओ को सालभर में आने वाली सभी एकादशी का पुण्य मिलता है।आज एकादशी व्रत पर कई लोग निर्जला तो कइयों ने यथाशक्ति व्रत किया है।

# कॅरियर काउंसलिंग के लिए नियुक्त होंगे काउन्सलर

## विषय विशेषज्ञ भी रहेंगे, आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश शासन की जॉबफैयर एवं कॅरियर काउंसिलिंग योजना के अंतर्गत जिले के शासकीय हाईस्कूल, हाईर सेकेण्डरी स्कूलों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में मार्गदर्शन कार्य के लिये काउन्सर एवं विषय विशेषज्ञों के आवेदन मंगाए गए है। जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर के उपसंचालक (रोजगार) पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि काउन्सलर पद के लिए न्यूनतम योग्यता मनोविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर डिग्री / कॅरियर गाईडेन्स में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। साथ ही विषय विशेषज्ञ पद हेतु किसी भी विषय में स्नातक तथा किसी एक क्षेत्र जैसे (प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश, शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं, छात्रवृतियाँ, संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि क्षेत्र में कॅरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव एवं परामर्श देने की योग्यता रखना अनिवार्य रखने वाले आवेदक अपने आवेदन 30 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सेवाकुंज अस्पताल में 140 सफाई मित्रों एवं परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन कराया गया। चिकित्सकों ने परामर्श भी दिया। जांच भी की गई, दवाइयां भी दी गई। अब आगामी दिनों में 22 झोन के सफाई मित्रों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा।





## भगवान जगन्नाथ का स्नान महोत्सव होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भगवान जगन्नाथ का स्नान महोत्सव पल्हर नगर में 29 जून सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। महाप्रभु के साथ बलभद्र, सुभद्रा माता का भी स्नान महोत्सव में पवित्र जल और देशी गाय के दूध से यह अभिषेक होगा।

## खंडेलवाल समाजजनों ने दिया बप्पा को सम्मेलन निमंत्रण



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के तत्वावधान में संत श्री सुंदर दास पारमार्थिक ट्रस्ट (रजि) व खंडेलवाल संस्कृति वुमन्स क्लब इंदौर के द्वारा 27 व 28 जून को परिचय सम्मेलन पंजाब अरोड वंशीय ट्रस्ट भवन, नाथ मंदिर रोड इंदौर पर आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर प्रथम निमंत्रण खजराना गणेश बप्पा को दिया गया।

## श्रेया बेड़िया का मिस यूनिवर्स इंडिया फाइनलिस्ट में चयन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर के गुमाश्ता नगर निवासी गोविंद नीलम बेड़िया की बेटी श्रेया बेड़िया का चयन मिस यूनिवर्स इंडिया फाइनलिस्ट के रूप में हुआ। खिताब जीतने के बाद इंदौर पहुंची तो विमानतल से लेकर घर तक स्वागत किया गया। बतौर फाइनलिस्ट अपनी जगह बनाने के बाद श्रेया अब दिल्ली में होने वाली विश्व स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में भाग लेगी। इंदौर से पढ़ाई लिखाई करने के बाद श्रेया की रुचि मॉडलिंग की ओर बढ़ी और दिल्ली की ओर रुख किया और एक सफल मॉडल के रूप में प्रसिद्ध हैं।





## नशे के खिलाफ पोस्टर स्पर्धा के प्रतिभागी सम्मानित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** यूनिवर्सल पीस एंड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अलहीरा पब्लिक स्कूल में पोस्टर स्पर्धा आयोजित की गई थी। विजेताओं के पुरस्कार वितरण में डॉ. रामगुलाम राजदान, फादर पायस, डॉ. अनिल भंडारी मौजूद थे। संचालन शफी शेख, आभार याकूब मेमन ने किया। अतिथि स्वागत प्रणिता दीक्षित, हम्स शेख ने किया। 114 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, तथा श्रेष्ठ चित्र बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

## चिकित्सक परियानी का अगले माह दिल्ली में सम्मान



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा अगले माह 18 जुलाई को कॉन्सटिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया,रफी मार्ग,नई दिल्ली में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में इंदौर के चिकित्सक डॉ. जयकुमार परियानी द्वारा मरीजों एवं चिकित्सा क्षेत्र में की गई सेवाओ, असाधारण समर्पण, प्रतिबद्धता एवं समाज के स्वास्थ्य व कल्याण सुधार व अन्य सामाजिक सेवाओ हेतु सम्मानित किया जाएगा। डॉ. बीएम शरणागत, डॉ. वल्लभ मूंदड़ा, डॉ. सीपी कोठारी, डॉ, दिलीप आचार्य, सांसद प्रतिनिधि संतोष वाधवानी ने बधाई दी है।

## छात्रावास में क्विज प्रतियोगिता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



फूलबाई मुरलीधर झंवर माहेश्वरी कन्या छात्रावास छत्रीबाग में महेश नवमी अवसर पर ज्ञानवर्धक एवं उत्साहपूर्ण माहेश्वरी समाज पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉर्डन पिंकी काल्या एवं श्वेता साबू द्वारा संचालन किया। विजेता प्रियेशी माहेश्वरी, अंशु गोदानी, आशिका माहेश्वरी रही। उक्त जानकारी सुमन सारडा ने दी।



## भविष्य निर्माण विषय पर संगोष्ठी




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वैष्णव कॉलेज आईक्यूएसी एवं एनडीएलआई क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भविष्य का निर्माण विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से किया गया। संगोष्ठी में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## सांईनाथ और भैरव नाथ को लगे छप्पन भोग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**





गंगा दशहरा पर्व पर कल साईनाथ और भैरव नाथ मंदिर मल्हारगंज गली नं. 2 में विशेष श्रृंगार किया गया, छप्पन भोग लगाकर आरती की गई और प्रसादी भंडारा का आयोजन भी किया गया। देर रात तक प्रसादी का आयोजन चलता रहा। कृष्णा राय पुरोहित, लव शर्मा, पाण्डु नेता, अवधेश गर्ग, ईशु, नारायण गर्ग, गोलू अग्निहोत्री, गोपाल गोयल, सुवेग राठी सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन महिला अधिवेशन में इंदौर भी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगंबर जैन महासमिति का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन तीर्थक्षेत्र जम्बूद्वीप हस्तिनापुर में आयोजित हुआ, जिसमें इंदौर से जुड़ी पदाधिकारी मातृशक्तियां भी पहुंची। जैन समाज के पुरुष भी मौजद रहे।

## प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी को न्यूयॉर्क से मान्यता

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर का एमबीए (मार्केटिंग मेजर) करिकुलम भारत का पहला यूनिवर्सिटी मार्केटिंग करिकुलम बन गया है, जिसे इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन (आईएए), न्यूयॉर्क से एक्रेडिटेशन मिला है। यह दुनिया की लीडिंग इंडस्ट्री बॉडीज़ में से एक है जो दुनिया भर में एडवरटाइजर, एजेंसी, मीडिया ऑर्गनाइजेशन और मार्केटिंग प्रोफेशनल को रिप्रेजेंट करती है।





## अग्र महिला मंडल के चुनाव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज के चुनाव में अध्यक्ष शीला अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, सचिव निर्मला गर्ग, कोषाध्यक्ष चंचल गर्ग, सहसचिव उमा गोयल, संगठन मंत्री प्रेरणा बंसल, प्रचार मंत्री निर्मला ऐरन, कार्यवाहक अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती राजेश अग्रवाल का निर्वाचन हुआ। निर्मला ऐरन ने उक्त जानकारी दी।

## मुद्रा संग्राहक कल रतलाम में रहेंगे मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रतलाम में तीन दिवसीय मुद्रा प्रदर्शनी का आयोजन कल 26 से 28 जून तक किया जाएगा। इंदौर के अनेक मुद्रा संग्राहक, डाक टिकिट संग्राहक एवं पुरातत्व संपदाओं के जानकार कल रतलाम जाएंगे। देश भर से बड़े 40 मुद्रा संग्राहक भी रतलाम में मौजूद रहेंगे। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर की हो रही है। प्रकाश गोमेने ने उक्त जानकारी दी।

# हादसों के बाद भी नहीं बदले जा रहे नगर निगम के कंडम वाहन

## निगम का खटारा वाहन जब हूटर बजाता सड़क से गुजरा तो लोगों ने समझा साहब की गाड़ी आई और दे दी साइड

**शहर की सड़कों पर बेवजह हूटर बजाते दौड़ रहे इन वाहनों पर नहीं होती चलानी और आरटीओ की कार्यवाही**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम में साल 2016 में बड़ी संख्या में वाहनों की खरीदी स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के दौरान की गई थी। इस दौरान कचरा कलेक्शन गाड़ियों के साथ ही छोटे ओपन वाहन के साथ ही बड़े वाहनों को भी खरीदा गया था। लगभग 10 साल पूरे होने के बाद इन वाहनों की उम्र पूरी होने को है। लगातार इन वाहनों से काम लिए जाने के कारण यह कंडम अवस्था में पहुंच गए हैं, और जर्जर होने के बाद मौत बनकर शहर में दौड़ रहे हैं। इन पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस और आरटीओ की है, लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती, ना ही उनकी फिटनेस चेक की जाती है। जवाहर मार्ग ब्रिज पर ब्रेक फेल होने के बाद नगर निगम का ट्रक फुटपाथ और कार में जा घुसा। इस घटना में गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई वाहनों और फुटपाथ को ही नुकसान हुआ अगर यह घटना होती तो न जाने कितने लोगों की अकाल मौत हो सकती थी। इस घटना के बाद नगर निगम आयुक्त ने यह दावा किया कि शहर में बगैर नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलेंगे नगर निगम के सभी वाहनों पर नंबर लिखा होना अनिवार्य होगा लेकिन जमीनी स्तर पर इस आदेश का कितना अमल हो रहा है इस घटना से अंदाजा लगा सकते हैं।

मंगलवार की शाम को नगर निगम का ओपन मिनी ट्रक नंदलालपुरा से जवाहर मार्ग ब्रिज पर होता हुआ रिवरसाइड कॉरिडोर से तेज गति में हूटर बजाता हुआ चल रहा था, ऐसा लगा जैसे किसी अधिकारी की गाड़ी आ रही हो। हूटर के कारण लोगों ने साइड देना शुरू कर दिया लेकिन जब देखा तो पीला वाहन तेज गति से मृगनयनी चौराहे पर रेड सिग्नल पर रुक गया। इस वाहन को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे चलती फिरती मौत ही शहर में दौड़ रही है। वह जर्जर अवस्था में था इस वाहन पर जब देखना चाहा कि कहीं कोई नंबर प्लेट दिख जाए या फिर वहां का नंबर दिखाई पड़ जाए, कैमरा जूम करने के बाद भी नंबर दिखाई नहीं दिया लेकिन एक धुंधला सा पट्टी दिखाई दी जिस पर स्पष्ट तौर पर नंबर पढ़ा भी नहीं जा सकता था। यह पूरी तरह से नंबर खत्म हो चुका था यहां तक तो ठीक था लेकिन हद तो तब हो गई जब हूटर वाले वाहन ने कुछ देर सब्र दिखाई और रेड सिग्नल पर खड़ा रहा लेकिन यह कुछ सेकेंड के लिए ही थी अधिक समय तक रुकना उचित नहीं समझा गया क्योंकि वाहन के ऊपर हूटर था तो भला कैसे कोई वाहन को रोक सकता था या फिर वाहन चालक गाड़ी को ग्रीन सिग्नल होने तक खड़ा रखना। नगर निगम की बेवजह चलती गाड़ी ने कुछ ही सेकंड बाद रेड सिग्नल भी तोड़ दिया और तेज गति से आगे निकलते हुए एमजी रोड थाने के सामने से नगर निगम की ओर चल पड़ा।

नगर निगम ने नियम कायदे तो आम नागरिकों के लिए ही बनाएं स्वयं के लिए कोई नियम और कायदे नहीं है ताकि इन वाहनों को नियंत्रित किया जा सके चाहे फिर यह वाहन किसी भी बड़ी से बड़ी घटना को क्यों ना अंजाम दे दे इन पर रोक नहीं लगेगी। जबकि यातायात पुलिस मात्र हेलमेट नहीं लगाते के चलते आम नागरिकों को ऐसे पकड़ती है जैसे उन्होंने डॉन को अरेस्ट कर लिया हो। नगर निगम आयुक्त भले ही लाखों दावे कर ले कि निगम में बगैर नंबर प्लेट और बगैर नंबर के वाहन नहीं चल रहे हैं वह सारे झूठे ही साबित हो रहे हैं। निगम आयुक्त द्वारा नगर निगम के टैंक को लेकर भी यही दावा किया गया था कि बगैर नंबर के टैंकर नहीं चलेंगे लेकिन शहर में यह बेखौफ दौड़ रहे हैं।



### कॉलेज कैम्पस प्लेसमेंट में छात्राओं को रोजगार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर में एमआरएफ लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी द्वारा 25 प्रतिभावान छात्राओं का चयन किया गया। यह महाविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण का परिणाम है। छात्राओं को रोजगार का अवसर मिला।

### फायर सेफ्टी उल्लंघन पर 5 उद्योग हुए सील



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला प्रशासन ने नगर निगम एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाकर फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच औद्योगिक संस्थानों को सील कर दिया। इन उद्योगों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा था। सुरक्षा मानकों में गंभीर कमियां पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संस्थानों को सील कर दिया। रौनक पेंट फैक्ट्री, स्टार पेंट, पेपर ट्रेंड लिंक प्राइवेट लिमिटेड, सारा फोम तथा वाडीलाल केमिकल को सील किया गया।

### निकाय और पंचायत की मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक होगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की समीक्षा बैठक 29 जून को 4:30 बजे आयोजित की गई है। निर्वाचन के दिनेश श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में निर्धारित अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत एवं रिपीट मतदाओं की जॉच सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### खरीफ की बुआई का कार्य शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कृषि विभाग के उपसंचालक सीएल केवड़ा ने बताया कि मौसम विभाग ने अल नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा की अनिश्चितता की आशंका व्यक्त की है। मंगलवार और बुधवार को बारिश होने से औसत वर्षा के बीच जिले में वर्ष खरीफ सीजन में कुल 2 लाख 52 हजार 624 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का क्षेत्राच्छादन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से 2 लाख 33 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन की बोनी होगी, जो कुल क्षेत्र का लगभग 92 प्रतिशत है। अब मानसून सत्र में अब तक औसतन 80.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## शैक्षणिक संस्थाओं के किचन बंद





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विद्यालयों, छात्रावासों एवं शैक्षणिक संस्थानों के मेस, कैंटीन एवं खाद्य भंडारण स्थलों का खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। टीम ने गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की खाद्य इकाई में वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय कुछ खाद्य सामग्री एक्सपायरी अवस्था में पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि खाद्य निर्माण एवं उपयोग हेतु टैंकर के पानी का उपयोग किया जा रहा था, जबकि पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। अव्यवस्था पर दोनों संस्थाओं के किचन बंद कराए गए। न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल में निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाई गई तथा पुरानी एवं नई खाद्य सामग्री का एक साथ भंडारण किया जाना पाया गया। संस्थान को खाद्य पदार्थों के पृथक एवं व्यवस्थित भंडारण हेतु निर्देशित किया गया। मौके से तैयार सब्जी, सौंफ, नमकीन एवं कुकीज के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए। आरओ टैंक की सफाई भी ठीक से नहीं पाई गई। वहीं अग्रसेन स्कूल का निरीक्षण कर 4 नमूने लिए गए, दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ का निरीक्षण कर 6 नमूने लिए गए, एडवांस एकेडमी के निरीक्षण में 11 नमूने लिए गए, अक्रोपोलिस संस्थान के निरीक्षण में 6 नमूने लिए गए। यहां भी किचन संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए।

**31 खाद्य नमूने भी लिए गए**



### बड़ा बांगड़दा में राजस्व शिविर आयोजित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बड़ा बांगड़दा अंतर्गत ग्राम लिम्बोदा गारी में अपर कलेक्टर नवजीवन पंवार की उपस्थिति में वृत्त स्तरीय राजस्व शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व संबंधी विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को आदेश प्रतियां एवं अमलशुदा राजस्व अभिलेख प्रदान किए गए। शिविर के दौरान नामांतरण के सात प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें दानपत्र, फौती तथा रजिस्ट्री आधारित नामांतरण प्रकरणों में मौके पर आदेश पारित कर संबंधित आवेदकों को आदेश की प्रतियां एवं संशोधित राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराए गए। सीमांकन संबंधी दो लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। शिविर में राजस्व संबंधी 22 प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया, बड़ी संख्या में किसानों एवं ग्रामीणों को लाभ मिला।

## अग्नि सुरक्षा पर 18 संस्थान सील

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से निगम का फायर विभाग और भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है। सुरक्षा उपकरण जहां बंद या अनुपयोगी है वहां कार्रवाई की जा रही है। अब तक 151 भवनों को सील किया गया है। कल भी चैंपियन कोचिंग एवं लाइब्रेरी, सी.एम.सी. कोचिंग, ए-1 बैंकिंग क्लासेस, सागर यादव क्लासेस, योर साइलेंस लाइब्रेरी, विनर्स इंस्टीट्यूट, एक्सीलेंस लाइब्रेरी, स्वाध्याय लाइब्रेरी, होटल आरव, स्वराज लाइब्रेरी, पोलो ग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र स्थित 6 भवन, डिजिटल लाइब्रेरी, साईं लाइब्रेरी, सर्वज्ञान लाइब्रेरी, विद्या लाइब्रेरी, इन्फोटेक लाइब्रेरी, द अचीवर क्लासेस, सांवरिया लाइब्रेरी को सील किया गया।




## साइबर जागरूकता अभियान शुरू






**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ कल किया गया, जो 8 जुलाई तक चलेगा। यह अभियान प्रदेश के साथ इंदौर में भी दूसरे संस्करण के रूप में शुरू हुआ। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविन्द्र भवन में अभियान की शुरूआत की। अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेज, तकनीकी संस्थान, अस्पताल, डाकघर, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, न्यायालय परिसर, बस एवं ऑटो स्टॉप, बाजार, पेट्रोल पंप, बैंक तथा धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, रैली, बैनर, पोस्टर एवं पंपलेट वितरण के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इंदौर के सार्वजनिक स्थलों पर भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## संपादकीय

### सार्वजनिक क्यों नहीं की गई SIT रिपोर्ट श्रद्धालुओं को दान राशि के इस्तेमाल के बारे में जानने का हक

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस मामले की निष्पक्ष और गहराई से जांच हो, ताकि सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। हिंदू समाज में मंदिर आस्था के केंद्र होते हैं, वहां लोग मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। साथ ही वहां स्वेच्छा से धन या अन्य सामग्री दान करते हैं, ताकि उसका इस्तेमाल धार्मिक कार्यों में किया जा सके। श्रद्धालु इस विश्वास के साथ मंदिर में दान करते हैं कि इस राशि को खर्च करते वक्त पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। मगर इस दान राशि में ही अगर हेरफेर होने लगे, तो इसे लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं, तो और क्या कहा जाएगा। मसला जब अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ा हो, तो मामला और भी संवेदनशील एवं गंभीर हो जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष दल एसआइटी गठित किया है, जिसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट मुख्य सचिव गृह को सौंप दी है। खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में दान राशि और कीमती सामान के प्रबंधन में कमियों का जिक्र करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इससे स्पष्ट है कि मंदिर के वित्तीय मामले में कुछ तो हेरफेर हुआ है, जिसकी गहन जांच की जरूरत है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन और दान राशि से संबंधित आरोपों की जांच के लिए 13 जून को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था। सरकार का दावा था कि एसआइटी की जांच में 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो जाएगा। अब एसआइटी ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, मगर उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। जांच दल के अधिकारियों का कहना है कि यह गोपनीय रिपोर्ट है और इसे मीडिया से साझा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अब सरकार के दावों और उसकी मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। अगर जांच के दौरान मंदिर की दान राशि में किसी तरह की गड़बड़ी पाई गई है, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिन श्रद्धालुओं ने राम मंदिर में राशि या कीमती सामान दान किया है, क्या उन्हें यह जानने का हक नहीं है कि उसका इस्तेमाल कहां हुआ अगर मंदिर के वित्तीय प्रबंधन में किसी तरह का हेरफेर कर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ होता है, तो इसके लिए जवाबदेही किसकी है। अयोध्या स्थित राम मंदिर में हर साल देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं और वहां करोड़ों रुपए का चढ़ावा चढ़ता है। ऐसे में दान राशि में गड़बड़ी से इस तीर्थ स्थल की छवि को भी नुकसान पहुंचेगा। एक सवाल यह भी उठ रहा है कि अमूमन किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच प्रकिया शुरू की जाती है, लेकिन इस मामले में पहले जांच की गई और अब एसआइटी ने प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। विपक्षी दलों का कहना है कि जब तब इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, तब तक कोई भी जांच बिना तीर के कमान जैसी है। ऐसे में एसआइटी न तो किसी आरोपी को पूछताछ के लिए समन भेज सकती है और न ही किसी को गिरफ्तार कर सकती है। इसके अलावा इस बात को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है कि मौजूदा जांच निचले स्तर के कर्मियों पर केंद्रित है, जबकि राम मंदिर में उच्चस्तर पर जिम्मेदारी संभालने वालों को इससे अलग रखा गया है। बहरहाल, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस मामले की निष्पक्ष और गहराई से जांच हो, ताकि सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके।



## पुलिस ने ताजिए और अखाड़े के वॉलिंटियर्स को बांटे ड्यूटी कार्ड,दिए दिशा-निर्देश

**इन्दौर।** थाना सदर बाजार परिसर में एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा एवं एसीपी विवेक सिंह चौहान की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परचम अखाड़े और ताजिए के वॉलिंटियर्स को आधिकारिक ड्यूटी कार्ड वितरित किए गए। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी वॉलिंटियर्स को मुस्तैदी से जिम्मेदारी निभाने की हिदायत दी। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था, रूट प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# अचानक सामने क्यों आए, टोकने पर सरेराह गुंडागर्दी

## युवक को कड़े से पीटा, बीच-बचाव करने आई पत्नी से भी बदसलूकी

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में नेमावर रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक युवक ने जब सड़क पर अचानक सामने आए राहगीर को दुर्घटना से बचने की नसीहत दी, तो आरोपी और उसके साथियों ने मिलकर युवक पर हमला कर दिया। मुख्य आरोपी ने अपने हाथ में पहने भारी धातु के कड़े से युवक के मुंह पर वार कर दिए, जिससे उसका होंठ फट गया और खून बहने लगा। पति को पीटता देख जब पत्नी और राहगीर बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी दीपक पिता रूपसिंह कोगे निवासी साईं नगर, मूसाखेड़ी ने आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी आयुषी के साथ जा रहा था। जैसे ही वह नेमावर रोड पर छोटी लखानी के पास पहुंचा और वहां से लेफ्ट टर्न लेने लगा, तभी अचानक एक अज्ञात व्यक्ति उसकी चलती गाड़ी के सामने आ गया। दीपक ने किसी तरह सूझबूझ से तुरंत ब्रेक लगाए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दीपक ने गाड़ी रोककर उस व्यक्ति से सिर्फ इतना कहा कितुम अचानक गाड़ी के सामने इस तरह क्यों आ गए? अभी मैं अपनी मोटरसाइकिल से गिर जाता और हमें चोट लग जाती। इतनी सी बात सुनते ही वह व्यक्ति भड़क गया और दीपक को गालियां बकने लगा।

जब दीपक ने सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी ने दीपक पर लात-घूंसों की बौछार कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपी ने अपने हाथ में पहने हुए कड़े से सीधे दीपक के मुंह पर जोरदार वार कर दिया। कड़े का वार लगते ही दीपक का होंठ बुरी तरह फट गया और मुंह से खून की धार बहने लगी। दीपक को लहूलुहान हालत में देख आरोपी के कुछ अन्य साथी भी वहां पहुंच गए और उन्होंने भी दीपक को घेरकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी दीपक की पत्नी आयुषी और सड़क से गुजर रहे राहगिरों ने जब यह खूनी संघर्ष देखा, तो वे तुरंत आगे आए और बीच-बचाव कर दीपक को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। भीड़ को इकट्ठा होते देख सभी आरोपी जाते-जाते धमकी दे गए कि अगर आइंदा दोबारा हमसे उलझने की कोशिश की, तो सीधे जान से खत्म कर देंगे।

# अवंतिका गैस पाइपलाइन हादसे में बोरवेल मशीन ऑपरेटर और ठेकेदार पर केस दर्ज

### बिना एनओसी और साइट मैप के हो रही थी खुदाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजयनगर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बोरवेल खुदाई के दौरान अवंतिका गैस की पाइपलाइन फटने से लगी भीषण आग के मामले में पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज करने के बाद बोरवेल मशीन ऑपरेटर, ठेकेदार और उनके अन्य साथियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह हादसा 23 जून की शाम करीब 4 बजे जैन मंदिर के पीछे आम रोड पर हुआ था। घटना में झुलसे ऑटो गैरेज मिस्त्री जिनी पिता धर्मेंद्र सिंह झाला निवासी कैलाश पार्क कॉलोनी गीता भवन की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की है। फ़रियादी ने बताया कि गैरेज के सामने बोरवेल करते समय अचानक गैस पाइपलाइन फट गई और जोरदार आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी कोहनी झुलस गई।पुलिस ने प्रारंभिक जांच में लापरवाही पाए जाने पर बोरवेल मशीन ऑपरेटर सैल्ला मूथ्थू निवासी सलेम, तमिलनाडु और ठेकेदार राजेश चाचरा निवासी सिल्वर स्प्रिंग फेस-1 सहित अन्य सहयोगियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल से बोरवेल मशीन को भी जब्त कर लिया है।गैस पाइपलाइन फटने से लगी आग की चपेट में आने से गैरेज मिस्त्री जिनी के अलावा राह से गुजर रहे तीन अन्य राहगीर भी गंभीर रूप से झुलस गए थे। सभी घायलों का फिलहाल बॉम्बे हॉस्पिटल में उपचार जारी है।पुलिस जांच में एक और बड़ा खुलासा हुआ है कि यह बोरवेल बिना किसी वैध अनुमति और बिना साइट मैप के ही किया जा रहा था। पुलिस ने इस संबंध में गैस कंपनी के अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है और मामले की विस्तृत वैधानिक जांच की जा रही है।

# स्क्रैप की दुकान से गैस की 2 टंकियां ले उड़ा चोर

### एक्सेस स्कूटी से आया शातिर चोर सीसीटीवी में कैद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक स्क्रैप की दुकान के अंदर रखी भारत गैस एजेंसी की दो भरी हुई टंकियों को एक अज्ञात चोर पलक झपकते ही उड़ा ले गया। दुकानदार महज 15 मिनट के लिए दुकान के पीछे टॉयलेट करने गया था, इसी बीच चोर ने दुकान के भीतर घुसकर हाथ साफ कर दिया। हालांकि, शातिर चोर की यह करतूत गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें वह स्कूटी पर दोनों टंकियां लादकर ले जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार,फरियादी अभिषेक पिता सौभाग्य सिंह चौकसे निवासी सुपर सिटी, सिंगापुर टाउनशिप ने लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि उसने अपने घर के नीचे ही स्क्रैप की दुकान खोली है। बीते दिनों उसने भारत गैस एजेंसी की दो भरी हुई गैस टंकियां अपनी इसी स्क्रैप दुकान के अंदर सुरक्षित रखी थीं। घटना के समय अभिषेक दुकान के अंदर रखी टंकियों को छोड़कर महज 15 मिनट के लिए दुकान के पिछले हिस्से में टॉयलेट करने गया था। जब वह करीब 15 मिनट बाद वापस दुकान के अंदर लौटा, तो उसके होश उड़ गए। तय स्थान पर रखी हुई भारत गैस की दोनों भरी हुई टंकियां वहां से गायब थीं। कोई अज्ञात चोर दुकान सूनी पाकर भीतर घुसा और टंकियां चुराकर रफूचक्कर हो गया।?दुकान के अंदर से भरी टंकियां चोरी होने के बाद अभिषेक ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी और गली में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर चोरी की पूरी वारदात साफ हो गई। फुटेज में एक अज्ञात चोर एक्सेस स्कूटी क्रमांक एमपी-09 झेडजे 2286 पर अभिषेक की दुकान से चोरी की गई दोनों गैस टंकियां रखकर बड़ी आसानी से ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज और स्कूटी के नंबर के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

# शादी का झांसा देकर 4 साल तक किया शारीरिक शोषण

**इंदौर।** महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने वाले एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उज्जैन के रहने वाले आरोपी ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा कर पिछले 4 साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और विरोध करने पर पीड़िता को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में 27 वर्षीय पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात कुछ समय पहले उज्जैन के रहने वाले आरोपी अभिषेक पिता गिसमत चोई नाकू निवासी सेठी नगर, उज्जैन से हुई थी। अभिषेक ने उसे शादी का प्रलोभन देकर नजदीकियां बढ़ाईं और उसके बाद लगातार शादी का झांसा देकर पिछले 4 वर्षों से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। इस दौरान जब भी पीड़िता उसे शादी की बात याद दिलाती, वह कोई न कोई बहाना बनाकर बात को टाल देता था। हाल ही में जब पीड़िता ने आरोपी अभिषेक पर शादी करने के लिए अंतिम रूप से दबाव बनाया, तो उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी अपनी असलियत पर उतर आया। उसने पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे गालियां दीं और शिकायत करने पर जान से खत्म करने की खौफनाक धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने हिम्मत दिखाई और सीधे महिला थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई।

# पेट्रो केमिकल कंपनी के मैनेजर का शव मिला





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर से लापता हुए पेट्रो केमिकल कर्मचारी निशांत जोशी (50) का शव खरगोन के मंडलेश्वर में मिला है। सोमवार दोपहर से उनकी तलाश की जा रही थी। वे कसरावद रोड स्थित नर्मदा पुल पर अपनी कार लावारिस हालत में छोड़कर लापता हो गए थे। कल दोपहर गोताखोरों को नदी के कचरे में उनका शव मिला। वे इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रहते थे और पेट्रो केमिकल कंपनी में मैनेजर थे। निशांत की पत्नी स्मिता जोशी मंदसौर के गरोठ में नारकोटिक्स एसपी हैं। वहीं बेटी आशी भोपाल में पढ़ाई कर रही हैं। बताया जा रहा है कि निशांत का कुछ समय से स्वास्थ्य ठीक नहीं था। वे इंदौर में बेटी और पत्नी से अलग दोस्त के साथ रहते थे। मूल रूप से निशांत हरदा के रहने वाले थे।

## जहर खाकर दी जान

**इन्दौर।** सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम जितेंद्र पिता तोलाराम (45) निवासी नॉर्थ तोड़ाहै। कल रात उसने जहर खा लिया जिसे परिजन बड़े अस्पताल ले गए थे। सेंट्रल कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# आज झूलन का रिकॉर्ड तोड़ सकती है दीप्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा आज बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप-ए मुकाबले में एक बड़ा इतिहास रच सकती हैं। 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर चुकी हैं और अब उनसे सिर्फ एक विकेट दूर हैं। दीप्ति के नाम फिलहाल अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में 355 विकेट हैं। वह पूर्व भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ एक विकेट हासिल करते ही दीप्ति महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन जाएंगी।

### शानदार फॉर्म में हैं दीप्ति

दीप्ति शर्मा ने मौजूदा वर्ल्ड कप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में पांच विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद नीदरलैंड्स के खिलाफ लीड्स में खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया और झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सकीं और भारत को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ दीप्ति अपनी लय में लौटेंगी और भारत की सेमीफाइनल की राह मजबूत करेंगी।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में दुनिया की नंबर-1 विकेट टेकर

दीप्ति शर्मा भारत की ओर से महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उनके नाम 147 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 167 विकेट दर्ज हैं, जो महिला टी20 क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड भी है। इसके अलावा उन्होंने 124 वनडे मैचों में 166 विकेट हासिल किए हैं। भारत के लिए वनडे क्रिकेट में उनसे आगे केवल झूलन गोस्वामी हैं, जिनके नाम 255 विकेट दर्ज हैं।

## महिला टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी इंग्लैंड

**लंदन।** मेजबान इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर आईसीसी वूमंस टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। टूर्नामेंट के 22वें मुकाबले में इंग्लिश टीम ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराकर जीत का चौका लगाया। इंग्लैंड वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड ग्रुप-बी के पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बनी हुई है। वहीं बचे तीन स्पॉट के लिए 7 टीमों के बीच अभी भी जंग जारी है। आज इंडिया वर्सेस बांग्लादेश मुकाबला भी खेला जाना है। भारत के लिए यह करो या मरो मुकाबला है, अगर इस मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ता है तो उनका सफर टूर्नामेंट में लगभग समाप्त हो जाएगा।

# बिजासन नगर के सामुदायिक भवन पर मिलेंगी एक और मंजिल की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 23 के आदर्श बिजासन नगर में स्थित सामुदायिक भवन में अब आने वाले दिनों में एक और मंजिल की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत निगम यहां करीब 45 लाख रुपए के आसपास खर्च कर लंबे समय से आधे अधूरे सामुदायिक भवन पर आसपास के लोगों की सुविधा के लिए एक और नवीन मंजिल का निर्माण शुरू करेगा। यही नहीं इसके अलावा भी यहां और भी कई अधूरे निर्माण के काम बचे है इन्हें भी तेजी के साथ पूरे करेगा। जिसको लेकर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने आदर्श बिजासन नगर में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर एकमात्र सामुदायिक भवन पर पहली मंजिल के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

### आसपास के रहवासियों का सामूहिक आयोजनों का बचेगा खर्चा

वहीं बड़ी बात यह है कि आदर्श बिजासन नगर क्षेत्र के गरीब मध्यवर्गीय जरूरतमंद परिवार के लोगों के लिए अब ज्यादा सुविधा होगी। मांगलिक और सामाजिक आयोजन करने में अब और ज्यादा सुविधा होगी। निगम यहां लंबे समय से अधूरे सिविल के कामों को पूरा करने के साथ नव निर्माण भी करेगा। जिसके अंतर्गत अब यहां लाखों रुपए खर्चकर पुराने सामुदायिक भवन में आवश्यक सुधार कार्य शुरू कर एक और मंजिल का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करेगा। जिसका फायदा आसपास के रहवासी परिवार को मिलेगा। जहां पहले से ज्यादा लंबे चौड़े भवन पर एक और मंजिल के निर्माण से लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। जहां भविष्य में लोग पहले से और ज्यादा जगह का उपयोग कर क्षेत्र के सामूहिक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम ज्यादा सुविधा के साथ आराम से कर सकेंगे।

# वैभव के छोटे भाई की एक और धमाकेदार पारी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट अभी युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी की शानदार कामयाबी को पूरी तरह महसूस कर ही रहा था कि उनके परिवार का एक और सदस्य बल्ले से सुर्खियां बटोरने लगा है। वैभव के छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी ने एक और धमाकेदार पारी खेलकर इस परिवार के अगले उभरते सितारे को लेकर चर्चाएं तेज कर दी हैं। इस युवा खिलाड़ी ने एक स्थानीय मैच में महज 119 गेंदों पर 168 रनों की तूफानी पारी खेलकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी इस पारी का स्कोरकार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम के साथ दौरे पर गए वैभव सूर्यवंशी ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस स्कोरकार्ड का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए अपने छोटे भाई की इस उपलब्धि की जमकर तारीफ की है।

**चौके-छक्कों की बरसात–** आशीर्वाद की यह पारी आक्रामक शॉट्स से भरपूर थी। क्रीज पर रहने के दौरान उन्होंने मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए और अपनी पारी में 19 चौके और छह शानदार छक्के जड़े। इस बेहतरीन पारी ने बिहार के क्रिकेट सर्किट से उभरते हुए सबसे रोमांचक युवा बल्लेबाजों में उनके नाम को और मजबूत कर दिया है। 10 वर्षीय आशीर्वाद के बल्ले से निकला यह शतक उनके पिछले कारनामे के कुछ सप्ताह बाद ही आया है। इससे पहले उन्होंने समस्तीपुर में एक स्थानीय अभ्यास मैच के दौरान अपना पहला शतक बनाकर सुर्खियां बटोरी थीं। क्रिकेट अकादमी ताजपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए आशीर्वाद ने तब बेहद आक्रामक अंदाज में खेलते हुए सिर्फ 87 गेंदों में 103 रन बनाए थे। अपनी उस पारी में उन्होंने 118 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 20 चौके और एक छक्का लगाया था, जिसके बाद प्रशांत राज ने उन्हें आउट किया था।

# कालिंदी की क्षतिग्रस्त सड़क पर निकासी लाइन बिछाने के बाद सीमेंट कांक्रीट की तैयारी





**इंदौर।** जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत विधानसभा पांच के वार्ड 43 में स्थित कालिंदी पार्क कॉलोनी में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क पर अब निगम आने वाले दिनों में नई जल निकासी लाइन बिछाने के साथ सीमेंट कांक्रीट सड़क का नवनिर्माण भी हाथों - हाथ शुरू करेगा। इस काम के लिए निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लगातार प्रयास के बाद अब जाकर टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस एवं प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसके तहत कहा जा रहा है कि अब आने वाले दिनों में मानसून सीजन शुरू होने से पहले निगम द्वारा लगभग 38 लाख रुपए के आसपास खर्च कर जल निकासी लाइन डालने के साथ सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य भी किया जाएगा।

**बारिश में नहीं होगी आने जाने वालों को परेशानी-** यही नहीं निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और विधानसभा पांच के विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद मुद्रा शास्त्री की मांग पर लंबे समय के बाद यहां की फाइल मंजूरी के बाद अब जाकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर आने वाले दिनों में जल्द क्षेत्र की पॉश कॉलोनी कालिंदी पार्क और आसपास नई जल निकासी लाइन डालने और बिछाने के साथ क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय नई सड़क निर्माण का कार्य भी किया जाएगा। जिससे लोगों को मानसून सीजन में आने-जाने में बेहतर सुविधा होगी।


न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर जिला इन्दौर (म0प्र0)

क्रमांक /257/रीडर 2026 जूनी इन्दौर दिनांकः–19/06/2026

उदघोषणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि अपर सचिव, म0प्र0 शासन परिवहन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र क्रमांक 1387/51262381/2026/आठ दिनांक 01.06.2026 के अनुसार मुख्यमंत्री सुगम परियोजना के तहत जन निजी भागीदारी/रीडेंसिफिकशन योजना के तहत परिवहन संबंधी अधोसंरचना के निर्माण के लिए ग्राम पिपल्याराव स्थित सर्वे नंबर 19/1, 20/1, 21/2, 22/2 कुल रकबा 1.784 हे0 भूमि आवंटन हेतु जारी निर्देशों के क्रम में कलेक्टर महोदय जिला इन्दौर के प्रकरण क्रमांक 48/अ– 20 (3)/2026–27 एवं अनविभागीय अधिकारी रा 0 महोदय अनुभाग जूनी इन्दौर के प्रकरण क्रमांक 08/अ – 20 (3)/2026–27 अनुसार कार्यकारी निदेशक अटल सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड इन्दौर के पत्र क्रमांक 286 दिनांक 04/06/2026 के द्वारा ग्राम पिपल्याराव स्थित सर्वे नंबर 19/1, 20/1, 21/2, 22/2 कुल रकबा 1.784 हे 0 भूमि आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्तानुसार भूमि आवंटन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो उदघोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करा सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक.19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी

(इस न्यायालय का प्रकरण क्रमांक 0002/अ– 20 (3)/2026–27)

नायब तहसीलदार
तहसील जूनी इन्दौर



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ईश्वर पटेल पिता रामचन्द्र, संतोष पटेल पिता रामचन्द्र, जगदीश पटेल पिता रामचन्द्र सभी निवासी-109, निरंजनपुर हनुमान मंदिर के पास इन्दौर (म.प्र) की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम कैलोदहाला तहसील जूनी इन्दौर जिला इन्दौर स्थित सर्वे नम्बर 281/2/4 रकबा 0.400 है, सर्वे नम्बर 285/1/3 रकबा 0320, कुल रकबा 0.720 है. को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय फर्म एवं कम्पनी या अन्य किसी प्रकार का का भार बोझ, ऋण आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में लिखित आपत्ति मय दस्तावेजो के प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि पश्चात हमारे पक्षकार की ओर से विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा तद्पश्चात कोई भी आपत्ति या उजर मान्य नही होगी। सौ विदित हो।

**आर.पी. प्रजापति अधिवक्ता**
**128, लक्ष्मणपुरा कॉलोनी स्कीम नं. 51 रोड़, इन्दौर**
**मो.नं. 09753187755**

# ब्राजील, मोरक्को, स्विट्जरलैंड जीत के साथ अगले दौर में





**नई दिल्ली।** फीफा विश्वकप 2026 में बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक रोमांच से भरपूर रहा। ब्राजील ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर नॉकआउट में जगह बनाई, जबकि नेमार ने चोट से वापसी करते हुए टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेला। मोरक्को ने हैती के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने कनाडा को हराकर ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि बोस्निया-हर्जेगोविना ने कतर को 3-1 से हराकर अगले दौर की उम्मीदें मजबूत कर लीं। उधर आज सुबह ग्रुप-ए के दो मुकाबले खेले गए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से तथा मेजबान मेक्सिको ने चेकिया को 3-0 से पराजित किया । ग्रुप ए से मैक्सिकों ने शीर्ष स्थान हासिल कर अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरे स्थान पर द. अफ्रीका टीम रही उसने भी अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। अब टूर्नामेंट के अंतिम ग्रुप चरण में एक ही समय पर दो-दो मैच आयोजित किए जा रहे हैं ताकि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनी रहे।

### नेमार की वापसी, ब्राजील ने स्कॉटलैंड को हराया

पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। स्टार विंगर विनीशियस जूनियर ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विनीशियस ने मैच के सातवें मिनट में पहला गोल किया और फिर हाफ टाइम से ठीक पहले दूसरा गोल दाग दिया। उनके साथ मैथियस कुन्हा ने भी एक गोल किया।

इस मुकाबले की सबसे बड़ी खबर नेमार की वापसी रही। पिंडली की चोट के कारण शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाने वाले नेमार 76वें मिनट में मैदान पर उतरे। स्टेडियम में मौजूद ब्राजीलियाई प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ब्राजील ने ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि स्कॉटलैंड एक बार फिर ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रहा।

### मोरक्को ने हैती को बड़े अंतर से हराया

मोरक्को ने हैती को 4-2 से हराकर ग्रुप-सी में दूसरे स्थान के साथ नॉकआउट दौर में जगह बना ली। हैती ने मुकाबले में दो बार बढ़त हासिल की थी। लेनी जोसेफ ने 10वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद अचरफ हाकिमी ने 39वें मिनट में बराबरी दिलाई, लेकिन कुछ ही मिनट बाद विल्सन इसिडोर ने फिर हैती को बढ़त दिला दी।

हालांकि मोरक्को ने हार नहीं मानी। इस्माइल सैबारी ने हाफ टाइम से पहले स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी सूफियान रहीमी ने 78वें मिनट में निर्णायक गोल किया और 89वें मिनट में गेस्सीम यासीन ने चौथा गोल दागकर हैती की उम्मीदें समाप्त कर दीं। कतर विश्वकप 2022 की सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को टीम ने एक बार फिर साबित किया कि वह इस बार भी लंबी दौड़ तय करने की क्षमता रखती है।

### स्विट्जरलैंड ग्रुप-बी में कायम रखी बादशाहत

स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर ग्रुप-बी में पहला स्थान हासिल किया। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं, लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही रुबेन वर्गास ने स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। इसके बाद युवा स्टार जोहान मंजाम्बी ने 57वें मिनट में दूसरा गोल करके टीम की स्थिति मजबूत कर दी।

कनाडा के लिए प्रॉमिस डेविड ने 76वें मिनट में एक गोल लौटाया, लेकिन टीम बराबरी नहीं कर सकी। हार के बावजूद कनाडा पहली बार विश्वकप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रहा। हालांकि वह अपने घरेलू मैदान वैंकूवर में अगला मुकाबला खेलने का मौका गंवा बैठा।

### बोस्निया-हर्जेगोविना की ऐतिहासिक जीत

बोस्निया-हर्जेगोविना ने कतर को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंचने की उम्मीदों को मजबूत किया। 18 वर्षीय केरिम अलाजबेगोविच ने 29वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद कतर के सुल्तान अल-ब्राके के आत्मघाती गोल से स्कोर 2-0 हो गया।



## वर्ल्ड हैंडबाल दिवस खिलाड़ियों के साथ संघ ने मनाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में स्थानीय क्रीडा भारती खेल परिसर रामबाग में ओंलम्पिक खेल हैंडबॉल से जुड़े वरिष्ठ खिलाड़ियों की मौजूदगी में मनाया। खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी संघ ने की। अध्यक्ष दीपक जैन टीनू, महासचिव डॉ. हरदीपसिंह रुप्पल की उपस्थिति में केक काटा गया। जैन और रुप्पल ने खिलाड़ियों से सुविधा और अन्य विषय पर चर्चा भी की। रुप्पल ने वर्तमान गतिविधियां और मान्यता प्राप्त जिलों की जानकारी भी सांझा की। बड़ी संख्या में वरिष्ठ खिलाड़ी मौजूद रहे। उत्कृष्ट खिलाड़ियों भावेश सोनाने, प्रद्युम्न सिंह, आशुतोष यादव, अदिति राठौर, विभु पटेल, प्रशिक्षक राजू शर्मा, रेफरी राहुल चित्रे को सम्मानित किया गया। पूजा शर्मा, निर्मल सेठी ने अपनी भूमिका निभाई।

## एमपीएल के सेमीफाइनल मुकाबले आज




**इंदौर ।** एमपीएल सिंधिया कप टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में आज दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल दोपहर 3 बजे से रॉयल निमाड़ ईगल्स और रीवा जगुवार्स के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शाम 7.30 बजे से चंबल घड़ियाल्स व जबलपुर रायल लायन्स के बीच खेला जाएगा। कल बारिश के कारण दोनों ही अंतिम लीग मुकाबले धूल गए। कल दोपहर में जबलपुर रायल लायन्स ने बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 8.2 ओवर में 2 विकेट पर 96 रन बना लिए थे, लेकिन बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी । दूसरा मैच ग्वालियर चीतास और रायल निमाड़ ईगल्स के बीच था, लेकिन बारिश के कारण खेल शुरू ही नहीं हो सका। इसके कारण सभी टीमों को बराबरी के अंक दिए गए। कल फाइनल मुकाबला होलकर स्टेडियम पर शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

## म.प्र.के देव ने बनाया पोल वाल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भोपाल ।** ओड़िशा के भुवनेश्वर शहर में बुधवार से शुरू हुई 65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के प्रथम दिवस सायंकालीन सत्र में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी देव मीणा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने प्रतियोगिता में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भुवनेश्वर 24 से 28 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में बुधवार को देव मीणा ने न केवल नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया, बल्कि आगामी एशियाई खेल 2026 के लिए भी क्वालीफाई कर भारतीय एथलेटिक्स में मध्य प्रदेश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी इस उपलब्धि ने प्रतियोगिता के पहले ही दिन प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव का अवसर प्रदान किया। पोल वॉल्ट स्पर्धा में देव मीणा ने 5.46 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया।

## महाराष्ट्र बना ओवरऑल चैंपियन, हरियाणा उपविजेता

**इंदौर ।** एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा इंदौर में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप (बालक/बालिका) का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ।

समापन समारोह वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महासचिव अभिषेक जैन की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। पाँच दिवसीय इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में देशभर से आए खिलाड़ियों ने किकबॉक्सिंग खेल का शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन पर घोषित टीम चैंपियनशिप परिणामों में महाराष्ट्र सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बना। हरियाणा ने द्वितीय तथा तमिलनाडु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भारत को आज बांग्लादेश के खिलाफ हर हाल में चाहिए जीत



**नई दिल्ली ।** हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया का आज आईसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में सामना बांग्लादेश से है। साउथ अफ्रीका से मिली पिछली हार ने भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदों को हिला कर रख दिया है। अब भारत के लिए बचे दो मुकाबले 'करो या मरो' जैसे है। टीम इंडिया एक मैच हारते ही टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। बांग्लादेश के खिलाफ आज का मैच तो भारत के लिए आसान है, मगर टीम इंडिया को असली चुनौती 28 जून को मिलेगी जब उनका सामना 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। कंगारुओं को हराना भारत के लिए टेढ़ी खीर होगी।

टीम इंडिया तीन में से 2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में फिलहाल दूसरे पायदान पर है। भारत के खाते में 4 अंक है। वहीं साउथ अफ्रीका के नाम भी 3 मैचों में 2 जीत के बाद 4 अंक है, मगर बेहतर रन रेट होने की वजह से टीम इंडिया दूसरे तो अफ्रीका तीसरे पायदान पर है। टॉप पर बैठी ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत का चौका लगा चुकी है, उनका सेमीफाइनल का टिकट लगभग कन्फर्म हो गया है। ग्रुप-ए में दूसरी टीम के लिए जंग भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ही है।

भारत के अगले दो मुकाबले बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 और टी20 वर्ल्ड कप में भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है, मगर असली चुनौती ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 जून को होने वाले मैच में मिलेगी। अगर टीम इंडिया कंगारुओं को हराने में कामयाब रहती है तो उनका सेमीफाइनल का टिकट लगभग-लगभग कन्फर्म हो जाएगा। वहीं एक हार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है। साउथ अफ्रीका के चांसेस भारत से अधिक इसलिए है क्योंकि उनके बचे दोनों मुकाबले छोटी टीमों के खिलाफ है। साउथ अफ्रीका के बचे दो मैच नीदरलैंड्स और बांग्लादेश के खिलाफ है। इन दोनों ही मुकाबलों में अफ्रीकी टीम बतौर फेवरेट उतरेगी। हां, अगर साउथ अफ्रीका के साथ कोई उलटफेर होता है तो उससे भारत को मदद मिल सकती है।

# बिजली ग्रिड में भीषण आग, 1.25 लाख लीटर ऑयल के कारण भड़की लपटें

## 1.35 लाख लीटर पानी और फोम की मदद से 8 घंटे में पाया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर रोड धरमपुरी के पास जैतपुरा स्थित मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के बिजली ग्रिड में बीती रात भीषण आग लग गई। ग्रिड के भीतर भारी मात्रा में मौजूद ट्रांसफार्मर ऑयल के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में धुएं का काला गुबार छा गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची। ग्रिड में करीब सवा लाख लीटर ऑयल होने की वजह से आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 8 घंटे की कड़े संघर्ष के बाद सुबह आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

फायर ब्रिगेड को बीती रात करीब 9बजे सांवेर रोड इलाके में धरमपुरी के समीप स्थित जैतपुरा बिजली ग्रिड में अचानक आग भड़कने की सूचना मिली थी। ग्रिड से आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत इसकी सूचना एमपीईबी के अधिकारियों और दमकल विभाग को दी गई। दमकल की टीमें तुरंत वाहनों के साथ मौके पर रवाना की गईं, लेकिन वहां पहुंचते ही स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण नजर आई। दरअसल, ग्रिड परिसर और ट्रांसफार्मरों में लगभग 1 लाख 25 हजार लीटर ऑयल भरा हुआ था। इस ज्वलनशील ऑयल की मौजूदगी के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे शुरुआती दौर में लपटों पर नियंत्रण पाना बेहद मुश्किल हो रहा था। आग की भयावहता को देखते हुए फायर ब्रिगेड ने मोर्चा संभाला और पानी के साथ-साथ केमिकल फोम का इस्तेमाल शुरू किया। तेल की आग होने के कारण साधारण पानी बेअसर साबित हो रहा था, इसलिए दमकलकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए फोम की बौछारें कीं। कड़ी मशक्कत के बीच आग को शांत करने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम ने 1 लाख 35 हजार लीटर पानी का छिड़काव किया और 2,000 लीटर फोम की मदद ली। ग्रिड में लगी इस भीषण आग को बुझाने के लिए दमकलकर्मी रात भर अपनी जान जोखिम में डालकर जूझते रहे। लगातार 8 घंटे चले अथक प्रयासों के बाद आखिरकार सुबह करीब 5 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका और दमकलें वापस लौट सकीं।



# मौत डंपर ने मारी बाइक सवार को टक्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में ए.बी. रोड पर एक अनियंत्रित डंपर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा 18 जून को ए.बी. रोड स्थित तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास हुआ। मृतक की पहचान मांगीलाल खुडे (40) निवासी.घनघोर नगर के रूप में हुई है। मांगीलाल 18 जून को अपने किसी निजी काम से मोटरसाइकिल द्वारा ए.बी. रोड से गुजर रहे थे तभी तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास पीछे से आ रहे डंपर क्रमांक एमपी-13 एच 0977 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए मांगीलाल की मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मांगीलाल बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। डंपर की चपेट में आने से उनके गंभीर चोटें आईं, जिससे अत्यधिक खून बह गया। हादसे को देख आसपास के राहगीर और स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े, मांगीलाल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

# पहली मंजिल की बालकनी से गिरकर महिला की मौत

## मायके में रहकर चल रहा था मिर्गी का इलाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में अपने मायके में रह रही एक विवाहिता की पहली मंजिल की बालकनी से अचानक नीचे गिरने के कारण मौत हो गई। गंभीर हालत में परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतिका को मिर्गी के दौरे आने की बीमारी थी, जिसके चलते वह अपने मायके में ही रह रही थी। आशंका जताई जा रही है कि बालकनी में खड़े रहने के दौरान अचानक दौरा आने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बाणगंगा के कुम्हार खाड़ी क्षेत्र में हुए इस हादसे में मृतिका ज्योति पति दीपक (20) की जान चली गई है। ज्योति के भाई ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि बीती शाम ज्योति घर की पहली मंजिल पर बनी बालकनी में मौजूद थी। इसी दौरान वह अचानक अनियंत्रित होकर बालकनी से सीधे नीचे सड़क पर आ गिरी। नीचे गिरने की आवाज और चीख सुनकर परिवार के लोग तुरंत बाहर दौड़े। ज्योति जमीन पर लहूलुहान और अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। परिजन बिना वक्त गंवाए उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सिर और शरीर में आई गंभीर अंदरूनी चोटों के कारण उपचार के दौरान ज्योति ने दम तोड़ दिया। भाई ओमप्रकाश ने बताया कि ज्योति को पिछले काफी समय से मिर्गी के दौरे आने की गंभीर बीमारी थी। उसकी इसी बीमारी के इलाज और देखभाल के चलते वह अपने मायके में ही रह रही थी ताकि परिवार के लोग उस पर लगातार नजर रख सकें। परिजनों को अंदेशा है कि बीती शाम जब वह बालकनी में खड़ी थी, तभी अचानक उसे मिर्गी का तेज दौरा आया होगा और वह खुद को संभाल नहीं पाई और सीधे नीचे गिर गई।

# कोई मेरा पीछा कर रहा है, वह मुझे मार देगा...

## डिप्रेशन के शिकार युवक ने काका के घर की छत पर लगाई फांसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र के देवकी नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई।युवक पिछले कुछ समय से गंभीर डिप्रेशन का शिकार था और लगातार अज्ञात भय के साए में जी रहा था। वह अक्सर परिजनों से बहकी-बहकी बातें करता था कि कोई उसका पीछा कर रहा है और उसकी जान ले लेगा। इसी मानसिक तनाव के चलते उसने अपने काका के सूने मकान की छत पर जाकर कपड़े सुखाने की रस्सी का फंदा बना लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

मृतक का नाम रजत पिता तुकाराम(28) निवासी देवकी नगर, खजरानाहै। रजत ने अपने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने काका के मकान की छत पर जाकर इस आत्मघाती कदम को अंजाम दिया। उसने वहां कपड़े सुखाने वाली रस्सी से फंदा बनाया और उस पर झूल गया। पड़ोस में रहने वाले एक परिवार के सदस्य की नजर जब छत की तरफ गई, तो उसने रजत को फंदे पर लटका हुआ देखा और शोर मचाया। आवाज सुनकर रजत की मां और अन्य परिजन बदहवास हालत में दौड़ते हुए छत पर पहुंचे। मां ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रस्सी को काटकर रजत को फंदे से नीचे उतारा। परिवार के लोग उसे बेसुध हालत में तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रजत को मृत घोषित कर दिया।रजत के चचेरे भाई गोपी ने बताया कि रजत पिछले कुछ दिनों से गहरे डिप्रेशन का शिकार हो गया था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह पूरी तरह सहमा-सहमा और डरा हुआ रहता था।

वह अक्सर घर के लोगों से अजीब और बहकी-बहकी बातें किया करता था। रजत बार-बार कहता था किकोई लगातार मेरा पीछा कर रहा है... वह मुझे ढूंढ रहा है और वह मुझे जान से मार देगा।परिजनों ने उसे समझाने और उसका डर दूर करने का प्रयास भी किया था, लेकिन उसके दिमाग पर इस अज्ञात भय का भ्रम इस कदर हावी हुआ कि उसने अपनी जीवनलीला ही समाप्त कर ली।







# सुबह-सुबह चार गाड़ियों को ठोंक दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में आज सुबह औरा कार क्र. एमपी 09 बीएफ 8066 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वैशाली नगर रिंग रोड पर सड़क किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। अनियंत्रित कार ने करीब चार कारों को टक्कर मारी, जिनमें एमपी-09 डब्ल्यूडी 0299 सियाज गाड़ी, एमपी-09 सीई 8624 मारुति वेगनार, बलेनो एमपी-09 झेडक्यू 5603 एवं सिल्वर कलर की बलेनो भी शामिल है। कई गाड़ियों को टक्कर मारने के बाद आरोपी की कार भी जाम होकर रुक गई। रहवासियों ने अन्नपूर्णा थाना शिकायत कर आरोपी की कार को अन्नपूर्णा थाना क्रेन के माध्यम से पहुंचाया और पुलिस में कार के फरियादी हर्ष तोमर, नीलमणि स्वरूप सहित अन्य ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज की है, वहीं कार नं. के आधार पर चालक की तलाश शुरू की।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।